# श्रीमद्भगवद्गीता



**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदाऽऽत्मानं सृजाम्यहम्।।**

# श्रीमद्भगवद्गीता



## मूल उर्दू अनुवाद : अमर शहीद सर्वानन्द कौल प्रेमी



## इंटरनेट के लिये देवनागरी रूप



## म.क.रैना

## ०१.०५.२००७

# आभार


मैं श्री राविन्दर रवि जी और श्री राजिन्दर प्रेमी जी के प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं जिन्हों ने मुझे अमर शहीद सर्वानन्द कौल प्रेमी की उर्दू काव्य में लिखी हुई श्रीमद्भगवद्गीता का इंटरनेट के लिये देवनागरी लिपि में रूपान्तरण करने की अनुमति दी।

**म.क.रैना**

**०१.०५.२००७**

# कुछ 'प्रेमी' के बारे में ★★★ 'प्रेमी'- युस अमर छु

## - अर्जुन देव मजबूर -



**प्रेमी** छु मे ज़न तु वुनि ॲछन तल। ज़्यूठ कद, सादु पोशाक, ॲछन मंज़ माय, स्यज़र तु इनसॉनियतु खॉतरु पछ़ तु लोल। कॉशरि ज़बॉन्य हुंद बॅहलि पायि शॉयिर श्री दीना नाथ नॉदिम छु सर्वानन्द कौल प्रेमीयस मुतलक २९ दसम्बर १९५८हस मंज़ लेखान:

"अमा सु लोव तु ल्वकुट शॉयिर युस १९४८हस मंज़ ओस 'कलचरल महाज़स' प्यठ विज़ि विज़ि द्रेंठ यिवान, सु कौत छु गोमुत? कोताह वुछ़ तु वलवलु ओस तँम्यन सॆद्यन बॊद्यन शारन मंज़। वारियाह काल वोत तस वुछनस! ख्वश तॅमीज़ तु ख्वश कलाम नौजवान। क्याह ताम ओसुस नाव? शायद सर्वानन्द! अवुह, सर्वानन्द कौल प्रेमी। ती ओसुस नाव। शायद ओस मराज़ पासुक रोज़न वोल। अज़ कल आसि खबर कति? बु ज़ानन प्रेमी शॉयिर, यस दिलस मंज़ लोलु नारस इन्सानु सुंद दोद छु नारु ब्रह सगवान।"

सोफ (क्वकर नाग) किस पुर फिज़ा, स्वंदर तु क्वदरतुकिस ऑनुखानस मंज़ ज़ामुत स्यठाह रुत आदम तु इन्सान दोस्त कॉशुर शॉयिर न्यूख असि निशि थपि तु तसुंद ह्युत थवि तॅमिस हमेशि ज़िंदु।

प्रेमी ओस प्रथ तहज़ीबी, तमद्दुनी तु अदबी जलसस मंज़ ग्वडु अनवारि वातान। यि ख्वश मिज़ाज़ शॉयिर ज़ानन बु १९४९ प्यठु। सु ओस मनु शौद तु

साफ-गो। यॅहय साफगूयी तु पज़र बनेयि तँदि बापथ ज़हर। यि छु ज़गत प्रथनु प्यठु आमुत। पज़र वनन वोल अरस्तू चोवुख शींक्या। पज़र वनन वोल गलैलियो हस दिच़ुख फाँस्य। प्रेमी ति आव बगैर कुनि कारनु बे-दर्दी सान मारनु। तसुंद स्व-पोतुर ति तिमनुय सुत्य।

बॅड्यार बाला हस मंज़ छि ॲस्य दृश्वय कॅरीब ॲकिस र्यतस डेरस रूद्यमुत्य। १९५२ ह्यू आसिहे। बु ओसुस ॲकिस हाई स्कूलस मंज़ कॉम करान तु सु ओस करान खादी बंडारस मंज़। सु ओस माय मॊहबतुक देवानु। कांह ख्वचर ओसुस नु दिलस। आज़ॉदी हँज़ि लडायि मंज़ ओस सु पेश पेश। खॅदुर ओस लागान, कुर्तु, कमीज़ तु जैक्यट, सु ति सब्ज़ रंगु।

प्रेमी सॉबस कुस वातिहे कथन? अकि दुह समुख मे क्वकर नाग बागस मंज़। 'पां च़ादर' शारु सॊम्बुरन ऑसुस अथस क्यथ। ग्वलाबु फुलय ऑस तयस प्यठ। ॲस्य बीठ्य ॲकिस ब्यंचस प्यठ। क्वकर नागुक ठंडु हवा ओस स्वर्गु शेहजार बखशान तु ग्वलाबु मुशिक ऑस रुम रुम मुश्कावान। प्रेमी जीयन कॅर पां च़ादर शोरू तु बु गोस बोज़ान। मे ओस वापस गरु गछुन, मगर प्रेमी ओस मायि सान शार बोज़ुनावान। किताब वॉच़ अंद। ॲस्य द्राय। प्रेमी जीयन चोवुस बु चाय तु खोरनस बसि।

प्रेमी ओस तथ गामस नखु रोज़ान यथ म्यर्ज़ु काक ह्यू बागि बोरुत शॉयिर तु स्यठाह थोद बख्त बागि ओस आमुत। तसुंद असर ओस प्रेमी जीयस प्यठ टाकारु। चुनांचि काक सॉबुन कलाम (वाख) तु तिहँज़ि ज़िंदगी प्यठ लीछ तिमव अख किताब। तिहुंद बोड बारु द्युत छु भग्वद्गीतायि हुंद कॉशुर तर्जमु, युस तिमव पूरु ह्योक नु कॅरिथ। कॅंह नमूनु छि तिहँदि बावुच बलुच वखनै करान :

पतव लाकन स्यठाह स्वंदर रथाह आव
लमान यथ ऑस्य सफेद गुर्य ज़न च़लान काव

बिहिथ ऑस्य अथ रथस मंज़ कृष्ण अर्जुन
बजावान तिम पनुन्य शंख ऑस्य परसन
- अध्याय-१, शलूक-१४

छि च़ांगिच जूत्य यिथु पॉठ्य पूर आसान
करारस वावु छ़टि रुस शोलु मारान
यिथै पॉठ्य अख मनुश अदु गाह छु त्रावान
छु यूगस मंज़ तसुंद येलि द्यान दारान
- अध्याय-६, शलूक-१९

'नज़रि मुर्शिद' नज़मि तलु छु ननान ज़ि प्रेमी ओस उर्दू ज़बॉन्य मंज़ ति जान शॉयरी करान। वुछिव :

करूं किस ज़बां से तेरी बंदगी
मिली है तुम्ही से मुझे ज़िन्दगी
जो कुछ आप चाहो कराओ मुझे
खुद ही राहे हक़ पर चलाओ मुझे
या
यह अंदर यह बाहर हैं दुश्मन खडे
यह 'अपनी' ही राह में शैतां अडे
इन्हें राहे हक़ पे लगा मेरे यार
हो रहमत की बारिश सदा पुर-बहार

प्रेमी जी सुंद द्युत छु गीताजी हुंद तर्जमु उर्दू ज़बॉन्य मंज़। उर्दू 'आज कल'(माहवार) छु जुलाई २००२ किस शुमारस मंज़ प्रेमीजी निस तर्जमस तॉरीफ करान लेखान :

"सर्वानन्द कौल प्रेमी की श्रीमद भग्वद्गीता उर्दू तर्जमा भी है और तफसीर (टीका) भी। यह किताब ३२६ सफात पर मुश्तमिल है और १९९२ ई. में दिल्ली से शाया हुई है। इस के इब्तदाई हिस्से में २४ शख्सियात की राय भी दर्ज है। मुतर्जिम प्रेमी ने किताब को तीन हिस्सों में तक़सीम किया है।" आगे चल कर बम्बई विश्वविद्यालय के प्रो. डा. अली साहब लिखते हैं " पहले हिस्से में ४६ लेख सम्मिलित हैं। यह लेख संक्षिप्त होने पर भी गीता को पूर्ण रूप से समझने में मदद देते हैं। दूसरे हिस्से में गीता के श्लोकों का अनुवाद है और तीसरे भाग में कठिन शब्दों के अर्थ और पुस्तकों की सूची दी गई है।" सुप्रसिद्ध लेखक ने इस अनुवाद की बेहद तारीफ की है। और इस से सिद्ध होता है कि प्रेमी कश्मीरी के ही नहीं अपितु उर्दू के आलिम भी थे, और संस्कृत भी अच्छी तरह जानते थे। १९९ पृष्ठ पर किया गया यह मुहावरों से पुर अनुवाद देखने योग्य है:

शोरोशर ऐसा वहां पर यक़ क़लम बर्पा हुआ
यह ज़मीं, यह आस्मां, यह लरज़, यह इन्तिहा

शोरोगुल सुन सुन के 'कौरव' का जिगर फटने लगा
हर तरफ तब कौरवों की फौज में छाई निशा

प्रेमी संुज़ कॉशरि शॉयिरी मंज़ छु कॅशीरि हुंद बरपूर हुस्न, प्रेम, यॆमि बवसरुच बे-सबॉती तु ज़िंदगी हुंद्य तिम मसलु द्रेंठ गछ़ान यिम अज़लु प्यठै आदमस सुत्य छि। अकि गज़लि हुंद्य शार वुछिव:

दिलन मंज़ शौज़र तै पज़र आसिहे
अॅछन मंज़ ति लोलुच नज़र आसिहे
ग़मुच आसिहे क्याज़ि रुम ऑविल्यन
यि यॊदवय नु रायन हजर आसिहे

वुछां युस छु सासन मरां रात द्वह
अमा तस अम्युक ज़ांह असर आसिहे

केंह शार छि तिम यिमन मंज़ अज़ कालुच लगुहॉरी टाकारु छि। नीतोख यिम शार:

सपदिहे बुलबुलन क्याज़ि अदु ऑल्य नाश
कुनी कथ यिमन, यॊद कुन्यर आसिहे
छु प्रेमी ज़ुवां क्याह तुफानन अंदर
अॅमिस यॊद नु दिल हे सॊदुर आसिहे

पज़ी रूद प्रेमी बॊड दिल आसनु म्वखय पनुनि कॅशीरि मंज़ुय तु तॅती गव शॅहीद। सु छु ब्रोंहुय वनान:

बे आशन हुंज़ आश बॅनिथ बस लतु-म्वंजि गोस
च्रे ति मा आमुत युथ तूफाना म्यॉनी पॉठ्य

तहँज़न शाहकार नज़मन मंज़ छि ताज, शीनु थॊस, अख रात, बेत्रि नज़मु शॉमिल। तस ऑस शॉयिरी मंज़ अख खास रवॉनी। शब्दु-राश ओसुस ठेठ कॉशुर। तस ओस मोलूम

ज़ि गॅरीबी क्याह गॅयि। येलि रूद पशि मंज़य वॅटिस ताम वसि, तेलि क्वसु दूरगथ छि गछ़ान? सु छु वनान:

दार लॅज अकि पॉस्य रूदस
दारि बेयि पॉस्य ऑश वसान
म्यानि स्वंदर मालि ह्योत ऑश
च़ालि त्रावुन दिन्य व्यदाख

प्रेमी छु कॉशुर। सु छु वांसि सारिनुय माय बरान रूदमुत। यिम तस मारनि आय, सु द्राव तिमन ति वनुनि "हे, चाय वाय चेयिव।" प्रेमी सुंद ह्युत छु वारियाह युस ॲकिस मज़मूनस मंज़ कलमबंद करुन मुश्किल छु। तस ऑस पनुन्य कॅशीर टॉठ। तस ओस ज़िंदगी सुत्य बे पनाह मोहबत। सु ओस तूफानन मंज़ ति ज़िंदु रोज़ुन यछ़ान, अमा पोज़ पज़र छु हमेशि कॉठिस खोतमुत - आ, ती सपुद।

प्रेमी जीयस छि वारियाह एवार्ड दिनु आमुत्य, यिमन मंज़ जम्मू कश्मीर सरकारुक गोल्ड मेडल तु अख लछ र्वपयि शॉमिल छि, युस तस शॅहीद गछ़नु पतु दिनु आव। जम्मू कश्मीर विचार मंचन छु पँडित कृष्ण जू राज़दान वॅरी मनावान प्रेमी जीयस ॲकीदतुक खराज पेश कोरमुत।

**शख्सियथ:** प्रेमी जी ओस अख ख्वददार शख्स। सु वुछ नु मे ज़ांह कॉंसि केंह मंगान। पनुनि कथि प्यठ ओस दॅलीलव सुत्य बहस करान रोज़ान। तस ओस ब्याख कॉयिल करनुक ग्वन। शायद द्राव नु सु तवय कॅशीरि न्यबर ज़ुव बचावनि। सु ओस गॅरीब-परवर। कांह ति हाजथ मंद आसिहे, चाहे सु कुनि ति मज़हबुक आसिहे, प्रेमी ओस हाजथ कडनस तयार रोज़ान। सु ओस गीतायि सुत्य सुत्य कुरानि शरीफ ति परान तु गुरू ग्रंथ साहब ति। बाइबल ति ऑस तॅम्य पॅरमुच़। तसुंद दर्म ओस इनसॉनियथ रथि खारुन्य तु जायि जायि ज्ञानुक प्रकाश वातुनावुन। शायद अवय रॅट तॅम्य पनुनी धरती। पनुन टोठ नेचुव ह्यथ गव प्रेमी

बिना कसूर शॅहीद। अमा यिनु वोल तवारीखदान दिया अथ कथि कुन द्यान? ति छु वुछुन।

प्रेमी ओस ऑलिम। सु छु मे अकसर कांह नतु कांह किताब बैगस मंज़ या बगलस मंज़ थॅविथ दवान वुछमुत। तसुंद असुन मा आसि वुनि अनंतनागु क्यन बालन गथ दिवान। तसुंद रूह मा आसि वुनि क्वकर नागु किस मॅदरिस पॉनिस तु ग्वलाब बागस मीठ्य करान, ग्राव करान, तु वनान "बेकसूर ऑसिथ क्याज़ि आस बु छलि छलि करनु?"

प्रेमी जी सपुद्य अख मई १९९० ई. द्रह शॅहीद।

★ ★ ★



# श्रीमद्भगवद्गीता में किस के कितने श्लोक हैं

| अध्याय | भगवान कृष्ण | अर्जुन | संजय | धृतराष्ट्र |
|---|---|---|---|---|
| अर्जुनविषादयोग | - | २२ | २४ | १ |
| सांख्ययोग | ६३ | ६ | ३ | - |
| कर्मयोग | ४० | ३ | - | - |
| ज्ञानकर्मसंन्यासयोग | ४१ | १ | - | - |
| कर्मसंन्यासयोग | २८ | १ | - | - |
| आत्मसंयमयोग | ४२ | ५ | - | - |
| ज्ञानविज्ञानयोग | ३० | - | - | - |
| अक्षरब्रह्मयोग | २६ | २ | - | - |
| राजविद्याराजगुह्ययोग | ३४ | - | - | - |
| विभूतियोग | ३५ | ७ | - | - |
| विश्वरूपदर्शनयोग | १५ | ३३ | ७ | - |
| भक्तियोग | १९ | १ | - | - |
| क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग | ३३ | १ | - | - |
| गुणत्रयविभागयोग | २६ | १ | - | - |
| पुरुषोत्तमयोग | २० | - | - | - |
| दैवासुरसंपद्विभागयोग | २४ | - | - | - |
| श्रद्धात्रयविभागयोग | २७ | १ | - | - |
| मोक्षसंन्यासयोग | ७१ | २ | ५ | - |
| **जोड** | **५७४** | **८६** | **३९** | **१** |

**कुल श्लोक** **७००**

# पहली अध्याय

## अर्जुन की ग़मगीनी

**धृतराष्ट्र ने कहा :**

(१)
कुरूक्षेत्र की धर्मभूमि पे जब सेना लिये
मेरे बेटे और पांडु पुत्र सब यकजा हुये
दोनों तरफ़ों में हुआ पका इरादा जंग का
तुम मुझे संजय बता दो फिर वहां क्या कुछ हुआ

**संजय ने कहा :**

(२)
पाण्डुवों की फौज थी खुशियां मनाने में मग्न
और इक जोश-ओ-खरोश था सब के दिल में मौजज़न
जूंही दुर्योधन ने दौडाई नज़र इस फौज पर
पास द्रोणाचार्य के जा कर कहा ऐ बहरावर

(३)
धृष्टद्युम्न है तेरा शागिर्द निहायत अक्लमंद
और द्रुपद की है संतान कर लिया है पायबंद
कर रही इन पाण्डुवों की फौज को आरास्ता
देख मेरे द्रोण इन की फौज को पैरास्ता

(४)
पाण्डुवों की फौज में हैं वीर योद्धा बे शुमार
भीम और अर्जुन के हमसर जंगजू हर दम तयार
देख युयुधान विराट और द्रुपद देख ले
एक ही माला में हैं जैसे पिरोए देख ले

(५)
धृष्टकेतु और उस के साथ चेकितान देख
पुरूजित और काशिराज भी देख सब बलवान देख
और इन के साथ कुन्तिभोज को तो देख ले
और इनसानों में अफ़ज़ल शैब्य साथ जो देख ले

(६)
साथ उन के और बलवान उत्तमौजा देख ले
और युधामुन के साथी, और योद्धा देख ले
द्रौपदी के पांच संतान देख दरूं सब हैं वहां
देख सौभद्रा का बेटा वीर अभिमन्यु भी जहां

(७)
ब्रह्मणों में तुम हो अफ़ज़ल एक मेरी बात सुन
देख अपनी फ़ौज को भी और उस के देख गुण
हैं हमारी फ़ौज में जो वीर योद्धा देख जा
आज उन के नाम इक इक आप को बतलाऊंगा

(८)

आप हैं पहले, तुम्हारे साथ भीष्म वीर हैं
है करण और यह कृपाचार्य महा बलवीर हैं
अश्वथामा और विकर्ण देख क्या बलवान है
और उन के साथ सोमादत्त का भी संतान है

(९)

और भी हैं बहुत सारे वीर और बलवान देख
हैं ज़बरदस्त शूरवीर बे-खौफ़ यह संतान देख
किस्म किस्म के हैं उन के पास हथियार बे-शुमार
और अपना सर हथेली पर हैं रख के सब तयार

(१०)

है हमारी फ़ौज का सरदार भीष्म देख ले
उस की सरदारी में उस का जोश, दमखम देख ले
पाण्डुवों की फौज का है भीम वह सरदार देख
उन की सेना पस्त हिम्मत और है बेकार देख

(११)

देख कर जो फौज अपनी, आप में वह खुश हुआ
और अपनी फौज से वह झूम कर कहने लगा
एक होके तुम पितामह का बटाओ हाथ सब
एक दम तुम पाण्डुवों का ख़ातिमा देखोगे सब

(१२)
सुन के दुर्योधन के यह अलफ़ाज़ बूढ़े भीष्म ने
होके खुश सेना के अपनी फिर बढ़ाये हौसले
साथ दुर्योधन का भी उस ने बढ़ाया हौसला
शंख को ऐसे बजाया शेर की हो गर्जना

(१३)
शंख सारे एक साथ और ढोल भी बजने लगे
साथ ही तरफ़ेन से जो शेर गरजने लगे
और फिर बजने लगे हर चार सू जब साज़ भी
हो गई पैदा भयानक खौफ़नाक आवाज़ भी

(१४)
देखते ही एक सुंदर रथ वहां पर आ गया
चार घोडे थे जुते जिस में सफेद वह खुशनुमा
उस में बैठा था कृष्ण और साथ अर्जुन सामने
अपने अपने शंख वह भी थे बजाते, शाद थे

(१५)
कृष्ण का जो शंख था वह पाञ्चजन्य शंख नाम का
और अर्जुन था बजाता देवदत्त जो नाम था
साथ उन के भीम ने भी जो बजाया पौण्ड्र अब
इक नई आवाज़ गूंजी आसमान में साथ तब

(१६)
नाम था सुघोष जिस का शंख वह सहदेव का
जो मणिपुष्पक था सुंदर शंख बजाता नकुल था
सुन के जब आवाज़ उन की हो युधिष्ठर उठ खडा
शंख फिर अनन्त विजय ले कर बजाया ज़ोर का

(१७)
था गदा भारी लिये जो हाथ में वह काशिराज
साथ उन के धृष्टद्युम्न तेज़ था जिस का मिज़ाज
साथ उन के था शिखण्डी, सात्यकि, विराट वीर
इक से बढ कर एक सारे थे इकट्ठे शूरवीर

(१८)
और वहां पर सात उन के राजा द्रौपद नामवर
पांच पाँडव और सौभद्रापुत्र अभिमन निडर
इस तरह सब अपने अपने ज़ोर आज़माने लगे
अपने अपने शंख सारे साथ गरमाने लगे

(१९)
शोर-शर ऐसा वहां पर यक कलम बरपा हुआ
यह ज़मीन यह आसमान और यह लरज़ यह इन्तिहा
शोर व गुल सुन सुन के कौरव का जिगर फटने लगा
हर तरफ तब कौरवों की फ़ौज में छाई निशा

(२०)
अब तयारी थी वहां पर चल पडें हथियार सब
और बस तरफैन से हो जंग का इरशाद तब
रथ में बैठा था वहां अर्जुन, जो दौडाई निगाह
देखने तब कौरवों की फौज को वह उठ खडा

(२१)
कृष्ण से कहने लगा अर्जुन भरी आवाज़ में
दर्मियान में दोनों फ़ौजों के तू रथ को रोक ले

(२२)
ताकि मैं भी देख लूं वह कौन हैं ज़ोर आज़मा
जिन के साथ इस जंग में अब करना होगा सामना

(२३)
मैं भी देखना चाहता हूं कौन हैं वह सूरमा
अक़्ल के अंधे बने जो धृतराष्ट्र के बावफा

**संजय ने कहा :**

(२४)
सुनते ही तब कृष्ण ने फिर अपना रथ रोका कहां
दोनों फ़ौजें थी खडी वां उस के ही बस दर्मियान

(२५)
देखते थे यह नज़ारा भीष्म द्रोणाचार्या
और उन के साथ थे बे-शुमार वीर सूरमा
रोक कर रथ कृष्ण ने जो फिर यह अर्जुन से कहा
वह खडे हैं सारे कौरव, डाल दो अपनी निगाह

(२६)
जूंही दौडाई नज़र अर्जुन ने कौरव फौज पर
एक एक करके नज़र वह डालता अर्जुन निडर
यार और संतान सारे वां इकट्ठे देख कर
भाई, बंध, चाचे यह मामूं सब के सब थे बा-खबर

(२७)
आशना सब थे वहां लडने को आखिर बेकरार
साले ससुर और गुरूजन सारे अपने बेशुमार

**अर्जुन ने कहा :**

(२८)
देख कर अपनों को अर्जुन एकदम गमगीन हुआ
गम-ज़दा दिल कृष्ण से यूं वीर फिर कहने लगा
हैं यहां जो जंग की नियत से आये आज यह
सर हथेली पर वह रख कर करने जंग का राज यह

(२९)
देख कर इन को यह मेरी सूखी जाती है ज़बान
कांपता हूं मेरा दिल है बैठ जाता अब यहां

(३०)
हाथ से गाण्डीव धनुश यह छूट जाता है मुझे
आग है लगती बदन में, खाल जलती देख ले
बैठ जाता है यह मेरा दिल कृष्ण अब क्या करूं ?
देखना है क्या मुझे कैसे खडा हूं क्या कहूं ?

(३१)
देखता हूं सब यहां उलटा ही उलटा आज मैं
फ़ायदा मुझ को मिलेगा क्या बुरे इस काज में
लग रहा है, है बुराई आज यकजा सामने
मार कर अपनों को आखिर क्या मिलेगा फिर मुझे

(३२)
मैं करूंगा क्या कृष्ण इस सारे सुख से, राज से
जीत कर मुझ को मिलेगा क्या कृष्ण इस काज से
है मुझे किस काम की यह सारी दौलत, पार हो
चाहता हूं छोड दूं मैं त्याग दूं संसार को

(३३)
जिन की खातिर राज है यह, धन के यह अंभार हैं
सब के सब आकर खडे वह जंग को तैयार हैं

(३४)
यह गुरूजन, यह पिता, यह भाई बंध, मामूं वहां
अपने प्राणों को तिलांजलि दे के आये हैं यहां

(३५)
तीन लोकों के भी राज की मुझ को चाहत नहीं
मैं करूं क्यों जंग फिर कोई मुझे मारे यहीं

(३६)
क्या खुशी होगी मुझे अपनों को आखिर मार कर
क्या मिलेगा फ़ायदा कौरव मिटा कर मार कर
ऐ जनार्धन मुझको आखिर जो लगेंगे पाप यह
और दुशमन मार कर भी साथ होगा शाप यह

(३७)
मार कर अपनों को कैसे शाद रहता है यह दिल
जब हूं अपने साथ अपने, शाद रहता है यह दिल
मुझको माधव यह कहो फिर, क्या यह अच्छा जान लूं
मुझको कौरव हैं जो अपने, कैसे उन के प्राण लूं

(३८)
लोभ और लालच के अंधे क्या नहीं यह जानते
क्या अच्छाई और बुराइ को नहीं यह मानते
क्या नहीं यह जानते हैं नाश होगा खानदान
क्या नहीं है पास अपनों का उन्हें कुछ भी न मान

(३९)
जानते हैं फिर भी उन की अक्ल क्यों मारी गई
यह भलाई और बुराई की समझ सारी गई

ऐ जनार्धन आप ही हम को ज़रा समझाइये
खानदान का नाश होगा, रास्ता दिखलाइये

(४०)
खानदान का नाश होगा फिर सनातन धर्म क्या ?
धर्म का जब नाश होगा, कर्म का फिर भर्म क्या ?

(४१)
अधर्म जब फैल जाता है धर्म के नाश से
औरतें फिर पाप करती हैं सदा औबाश से

(४२)
ना-ख़लफ़ औलाद तब होती है पैदा ऐ कृष्ण!
उन से फिर सब खानदान होते फ़ना मेरे कृष्ण
और फिर पितरों को पानी और पिंड मिलते नहीं
नर्क में हैं भोगते वह दंड, गिरते हैं वहीं

(४३)
खानदान के धर्म का होता है नाश फिर इस तरह
ज़ात भी गिरती है आखिर सब फ़ना हो जिस तरह

(४४)
सुनते आये हैं जनार्धन आज तक हब सब यही
जिन के कुल का नाश होता है वह गिरते हैं सभी

नर्क की वह आग में पडते हैं सारे मुद्दतों
नर्क में ले जाये उन को फ़ैल बद-हाले ज़बूं

(४५)
है हमें धिकार हम जो सब हैं आखिर अक़्लमन्द
हो गये हैं जंग करने के लिये हम पायबन्द
लोभ ने यह किस तरह से आज है जकडा लिया
राज के लालच ने आखिर है हमें अन्धा किया

(४६)
कोई कौरव हो बहादुर, वीर हो, बलवान हो
खत्म करदे आज मेरे प्राण इक एहसान हो
वार उसका मैं न लौटूं, यह मेरा ईमान हो
मैं मरूं जो आज उस के हाथ से, कल्याण हो

**संजय ने कहा :**

(४७)
कृष्ण से यह कहके अर्जुन बहुत ही ग़मगीन हुआ
शोक में डूबा हुआ आखिर, वह ख़ामोश हुआ
छोड कर गांडीव को फिर इक तरफ़ अफ़सर्दा दिल
रथ की पिछली तरफ बैठा शेरदिल पुऱ-मुर्दा दिल

(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् और ब्रह्मविद्या के योग शास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दर्मियान गुफ़्तगू की '**अर्जुनविषादयोग**' नाम की यह पहली अध्याय खत्म हुई।)

★ ★ ★



# दूसरी अध्याय

## सांख्य (अलिमे इदराक) का फ़लसफ़ा

**संजय ने कहा :**

(१)
इस तरह ऐ धृतराष्ट्र अर्जुन बडा ग़मगीन हुआ
आंसुओं से उस की आंखें भर गईं, बेचैन हुआ
और अंदर ही अंदर वह दर्द व ग़म खाता रहा
देख अर्जुन को अफ़सर्दा, कृष्ण ने फिर यूं कहा

**श्री भगवान ने कहा :**

(२)
क्या हुआ आखिर तुझे यह हाल क्यों ऐसा बना
तुम तो अर्जुन हो अक्लमन्द, ग़म तुम्हें क्यों खा रहा
यह अक्ल, फिर बुज़दिली यह, है नहीं शोभा तुझे
मोह ऐसा दूर लेता है यह अर्जुन स्वर्ग से

(३)
काहिली और बुज़दिली देती नहीं अब ज़ेब जो
क्यों बने हो तुम नपुंसक यह नहीं अच्छा, सुनो
बात मेरी एक सुन तू, बुज़दिली को छोड दे
हाथ में हथियार ले कर जंग कर, उठ मान ले

**अर्जुन ने कहा :**

(४)
ऐ मधू के मारने वाले मुझे तुम ही बता
भीष्म, द्रोणाचार्य को मान जग करता रहा
दुशमनों के मारने वाले उन्हें कैसे लडों
क़ाबिले ताज़ीम दोनों, सामने कैसे बढों

(५)
है यही बेहतर कि मैं ज़िन्दा रहूं भीख मांग कर
पर न हरगिज़ क़ाबिले ताज़ीम से यह जंग कर
क़त्ल करना है सरासर इक गुनाह मेरे लिये
छोड दूं मैं राज अपना है यही बेहतर मुझे

(६)
अक़्ल मारी जाती है और कुछ नहीं है सूझता
जंग में कौन हार बैठे और किस को जीतना
हैफ़ है यह ज़िंदगी धिकार है यह बार बार
हैं यह कौरव मेरे अपने सामने युद्ध को तयार

(७)
मेरी बुद्धि आज कृष्ण यक-कलम मारी गई
बुज़दिली और क़ाहिली यह आन कर तारी हुई
मैं तुम्हारी ज़ाते अक़दस में कृष्ण हूं आ खडा
बन के हूँ शागिर्द तेरा रास्ता मुझ को दिखा

(८)
है नहीं चाहत मुझे अब इंद्र के भी राज की
शोक के सागर में डूबा, पार कर किश्ती मेरी

**संजय ने कहा :**

(९)
ऐ धृतराष्ट्र बताऊं आगे फिर क्या क्या हुआ
मैं नहीं हरगिज़ लडूंगा, कह के अर्जुन चुप रहा

(१०)
भरत का खानदान तेरा धृतराष्ट्र और सुन
रथ के अंदर उठ खडा फिर हो गया आखिर कृष्ण
हंसते हंसते कृष्ण ने अर्जुन पे दौडाई निगाह
दोनों फ़ौजें थीं मुक़ाबिल, दरमियान, कहने लगा

(११)
यह तुम्हारी अक़्ल की बातें हैं अर्जुन क्या कहूं
साथ ही यह शोक की बातें हैं अर्जुन क्या कहूं
जो नहीं है बात ग़म की, ग़म वही है खा रहा
है नहीं मुर्दों और ज़िन्दों का पँडित को गम ज़रा

(१२)
सुन ले अर्जुन तुम भी मैं भी और यह राजे सभी
सच नहीं है मेरे अर्जुन फ़ानी हम सब थे कभी

हम नहीं हूंगे सभी आयंदा यह भी झूट है
हम सभी आयंदा हूंगे इसलिये तू छोड भय

(१३)
यह जिस्म और जिस तरह होते है इस में जब अयां
यह बुढ़ापा, यह जवानी और यह बचपन जहां
यह जिस्म भी दूसरा ले, इस तरह यह जान ले
बुद्धिमान गिरता नहीं है अक़्ल से यह मान ले

(१४)
बाहरी चीज़ों से मिल के जैसे पैदा हो यहां
देख अर्जुन वीर, सुख दुख, गरमी सरदी बे-बयां
इन का आना और जाना है, यह फ़ानी हैं सभी
इस लिये सब्र-ओ-तहमुल थाम ले अर्जुन भई

(१५)
ऐ पुरुश्रेष्ठ याद रख तू जो पुरुश है अक़्लमन्द
वह कभी सुख दुख के बंधन में नहीं होता है बंद
उस की यह सब इंद्रियां रखती हैं क़ाबू में उसे
मुक्ती अर्जुन उस को मिलती है यह सच तू मान ले

(१६)
सत् है कायम जान ले यह और असत् कायम नहीं
ज्ञानियों का ज्ञान हक, बातिल कहीं दायिम नहीं

(१७)
जिस से अर्जुन सारा आलम रोशन व पुर नूर है
जान ले यह है वह क़ायिम बस यही दस्तूर है
है नहीं होता फ़ना वह, क़ायिम व दायिम सदा
है नहीं ताकत किसी को कर ले उस को फ़ना

(१८)
आत्मा यह क़ायिम व दायिम हमेशा जान ले
है नहीं होती फ़ना यह जान, अर्जुन मान ले
जिस्म सब इस आत्मा के जाने फ़ानी वीरवर
बुज़दिली और काहिली को छोड उठ अब जंग कर

(१९)
'आत्मा है मारने वाली' जो है यह जानता
और जो है जानता 'मरती है आखिर आत्मा'
हैं वह दोनों बेखबर और हक़ से दोनों दूर हैं
'है नहीं यह मारती, मरता' वह कोसों दूर हैं

(२०)
आत्मा पैदा नहीं होती कभी मरती नहीं
जिस्म में आकर भी यह हरगिज़ कभी सडती नहीं
आत्मा को जीना और मरना नहीं यह जान ले
जिस्म फ़ानी, आत्मा फ़ानी नहीं यह मान ले

(२१)
आत्मा को जो अमर है, मानता आखिर उसे
कौन मारे किस को मारे, कायम आत्मा मान ले

(२२)
फैंक दे कपडे पुराने जैसे कोई आदमी
और नये कपडे करे फिर ज़ेबे तन आखिर वही
आत्मा भी इस तरह से इक जिस्म को छोड कर
फिर नये जिस्मों को धारण करती है ऐ बहरावर

(२३)
आग आत्म को जला सकती नहीं, कटती नहीं
हथियार से हरगिज़, हवा पानी से भी गलती नहीं

(२४)
जलना कटना सूखना, गीला यह होना आब से
आत्मा निर्लीप इन से बस यही तुम जान लो
क़ायिम व दायिम है, यह है सनातन मान ले
है यह व्यापक और स्थिर ऐसा ही तू बस जान ले

(२५)
है परे यह इन्द्रियों और मन की अर्जुन पहुंच से
और हरगिज़ भी न तबदीली कोई होती इसे
फिर बता अर्जुन तुम्हें क्यों शोक है इतना बडा
और क्यों हो ग़म के साग़र में यूंही डूबा पडा

(२६)
फिर भी अर्जुन गर तू इस का जीना मरना मानता
तो भी तेरा शोक करना है सरासर ना-रवा

(२७)
जो कोई पैदा हुआ, मरना उसे है मान ले
जो मरा जीना उसे फिर है यह अर्जुन जान ले

(२८)
क्या खबर है किस को आखिर जन्म से है क़ब्ल क्या
बेखबर सारे हैं मरकर कौन क्या है देखता
राज़ पोशीदा है सारा, इस का इक यह खेल है
फिर नहीं जायज़ है यह ग़म, यह बुरा ही फ़ैल है

(२९)
कोई हैरत से है उसको देखता आखिर यहां
और कोई आत्मा को कहता हैरत बे-बयां
कोई सुनता आत्मा का हाल हैरत से, उसे
और उस हैरत की है क्या इन्तिहा कोई कहे

(३०)
सारे जिस्मों में है मसकन आत्मा का जान ले
मारने वाला नहीं कोई उसे यह मान ले
सारे जीवों का है तुम ने यूंही फिर क्यों ग़म किया
और फिर इस शोक में तुम आज क्यों डूबा रहा

(३१)
ख़ौफ़ किस का है तुझे, तू फ़र्ज़ को पहचान ले
धर्म का तू रास्ता ले और सब डर छोड दे
तुम जो हो क्षत्री तुम्हें है जंग करना नेक नाम
जंग में कल्यान तुम को सुन ले अर्जुन नेक नाम

(३२)
धर्म-युद्ध करना तुम्हारे भाग्य का इक़रार है
स्वर्ग हासिल है तुझे क्षत्री तू नेकोकार है

(३३)
गर तू अर्जुन आज भी इस युध से कतरायेगा
पाप का तू मुर्तकब हो आखरश पछतायेगा

(३४)
लोग तेरी करके निन्दा आखिर तू बदनाम हो
हर तरफ बे-इज़्ज़ती का बस तुम्हें अंजाम हो
तुम बता आखिर यह सारा ठीक होगा नेक नाम
मौत बेहतर है जहां हो बे-इज़्ज़त का मक़ाम

(३५)
और जो करते थे अब तक मान तेरा हर कदम
अब अनादर वह करेंगे तेरा अर्जुन दम ब-दम
सब कहेंगे डर गया वह जंग से बुज़दिल है
और देखेंगे वह टेढी नज़र से अर्जुन तुझे

(३६)
तेरे दुश्मन सामने निन्दा करेंगे बार बार
बद-कलामी बद-ज़बानी तुम सुनोगे बार बार
इस से बढ कर और क्या है दुख यहां संसार में
नेक शोहरत बे-इज़्ज़त हो जहां संसार में

(३७)
फ़र्ज़ की तकमील में गर जंग में काम आयेगा
बा-खबर हो मेरे अर्जुन स्वर्ग तू बस पायेगा
जंग को तू जीत कर हासिल करोगे राज सुन
जान कर यह प्यारे अर्जुन युद्ध कर तू आज सुन

(३८)
उठ खडा हो वीर अब तुम और सुख दुख एक जान
तुम नफ़ा को एक जानो और नुकसान एक मान
जंग में तो जीत से और हार से घबराओ मत
एक इस को जान कर अब बुज़दिली दिखलाओ मत

(३९)
अब तलक अर्जुन तुझे जो कुछ भी मैं कहता रहा
जान ले वह ज्ञानयोग ही बस मैं समझाता रहा
अब तुझे मैं कर्मयोग का जो सुनाऊंगा बयान
उस से कट जायेंगे तेरे कर्म के बन्धन यहां

(४०)
सुन ले अर्जुन उस से असली बीज नाश होता नहीं
और उलटा दोष भी होता उसे सदा नहीं
जो कोई करता है पालन कर्मयोग के धर्म का
सब गुनाहों से वह अर्जुन छूट जाता है सदा

(४१)
हैं जो ज्ञानी अक़्ल उन की कायिम रहती है सदा
हैं नहीं ज्ञानी जो उन की अक़्ल मरती है सदा

(४२,४३)
रोज़-शब अज्ञानियों का है यही बस इक ख़याल
है स्वर्ग सब कुछ यहां पर और सब कुछ है ज़वाल
है यही उन की नज़र में सार वेदों का यहां
ऐश-ओ-इशरत परवरीतन, भोग का बस इक निशान

(४४)
रात दिन बस ऐश-ओ-इशरत में लगे रहते हैं जो
अक़्ल गुम होती है उनकी हक़ से हैं महरूम वह

(४५)
तीन गुण हैं जिन का वेदों में यह अर्जुन है बयान
उन से रह तू ला-तालुक, पाक बातन, बे-गुमान
छोड कर नक्श-दूई को आत्मा में लीन हो
शाद हो, दिलशाद हो, तुम वीर बस सुख चैन हो

(४६)
हो अगर जल से भरा यह कोई कुंआ आस पास
उस से फिर बुझती प्यासों की है अर्जुन प्यास
वेद भी ऐसे प्यासों की बुझाता प्यास है
जिन को कल्यान और सुख की आरज़ू है आस है

(४७)
कर्म कर ऐ नेक हर दम, यह तेरा अधिकार है
फल की इच्छा छोड दे तू, तेरा बेडा पार है
अमल करके फल जो जोडे, उस पे क्या अधिकार है
बे-अमल है मौत सुन ले वरना बेडा पार है

(४८)
हो निगाह यकसान हर दम तेरी अर्जुन, एक सुनो
एक हो तेरी नज़र में जीत हो या हार हो
और इसी यकसानियत का नाम अर्जुन योग है
हैं वह योगी एकता में जिन का मन है, योग है

(४९)
अक़्ल से जब आदमी गिरता नहीं है, नेक नाम
अमल करता वह रहे, पाये वह आखिर नेक धाम
है यही बस योग जब 'अक्ल व अमल एक रस'
फल की ख्वाहिश में रहें जो वह हैं पापी और बस

(५०)

पाप और पुण्य से सदा रहते जो आमिल दूर हैं
बस जो अपने अमल में रहते सदा मसहूर हैं
अक़्ल जिन की हो बराबर फ़ैल जिन का बे-लगाव
वह सदा आज़ाद हैं अर्जुन यही है एक दाव

(५१)

है जिन्हें अक़्ले-सलीम और अक़्ल पर जिनको है नाज़
'कर्म के फल का नतीजा' त्याग कर जो बे-नियाज़
ग़म के बन्धन से वह आज़ाद हैं आबाद हैं
है नहीं आवागवन, वह लामकाँ में शाद हैं।

(५२)

सुन ले अर्जुन मोह के सागर से जब तुम पार हो
अक़्ल तेरी को क़रार आये यही इक़रार हो
और फिर सुनने की ख्वाहिश हां न होगी कुछ तुम्हें
जो सुना हो, उस की हां दूर होंगी बंदिशें

(५३)

अक़्ल खोई है तुम्हारी तुम परेशान हो गये
अक़्ल को तुम अब लगा चरनों में बस भगवान के
भास होगा बस तुम्हें भगवान के स्वरूप का
और तुम को देख अर्जुन वस्ल होगा योग का

**अर्जुन ने कहा :**

(५४)
अब मुझे केशव सुना दो एक बात जो पूछ लूं
अक़्ल क़ायम है समाधी में यह जिस की पुर सुकून
उस के लक्षण और गुण तुम एक एक मुझको सुना
चलना, फिरना, बोलना उस का मुझे कृष्ण बता

**श्री भगवान ने कहा :**

(५५)
जिन के मन में कोई ख्वाहिश है नहीं ऐ नेक नाम
त्याग करता है जो सारी ख्वाहिशें ऐ शाद काम
पुर सुकून रहता है सदा वह आत्मा में लीन जब
अक़्ल उस की है स्थिर और शाद वह इनसान तब

(५६)
दुख भी आये जो कभी अर्जुन नहीं घबरायेगा
सुख है जब, जो नहीं हरगिज़ भी हां हर्षायेगा
बे-लगाव हो, क्रोध को जिस ने जलाया आग में
है वही सच्चा मुनी, जो अक्ल के हो राग में

(५७)
मन-पसन्द वस्तु मिले जो खुश कभी होता नहीं
मन-पसन्द वस्तु न हो जो फिर भी मन दुखता नहीं
है पुरुश ऐसा बुलन्द-इख़लाक़ और आली मक़ाम
बस इसी को जान ले अक़्ले सलीम नेक नाम

(५८)
जिस तरह रहता है कछुआ अपने ऐज़ा जोड कर
पुरुश रहता इंद्रियों से वैसे नाता तोड कर
अपने क़ाबू में है करता इंद्रियां जो आदमी
जान लो अर्जुन उसे है स्थिर-बुद्धि बस वही

(५९)
आदमी रहता है विषयों से सदा जो दूर है
फिर भी उन से रग़बत व लालच भी रहता है कभी
जिस ने रग़बत और लालच काट करके रख दिया
है वही बे-लाग अर्जुन जिस ने भगवान पा लिया

(६०)
हैं बहुत बलवान इँद्रिय आदमी को लूटते
हैं जो बुद्धिमान उन को भी हैं हर दम कूटते

(६१)
इंद्रियों को ज़ेर करना आदमी का काम हो
ध्यान मेरा हो सदा यह अमल का अंजाम हो
जिस के बस में इंद्रियां हैं बस वही इनसान है
और हमेशा अक़्ल उस के साथ उस की शान है

(६२)
इंद्रियों को ज़ेर करके भी मुझ से दूर हैं
मन से विषयों को सदा जो पूजते मग़रूर हैं

लीन विषयों में जो मन, फिर कामना लेती जन्म
कामना के जन्म से फिर क्रोध का फिरता है दम

(६३)
क्रोध से फिर जहल का होता है ज़ाहिर यह सितम
यह जहालत याद रख यादाश्त को करती क़लम
जब फ़ना होती है यह यादाश्त अर्जुन मान ले
अक़्ल भी होती फ़ना, सब कुछ फ़ना तब जान ले

(६४)
इंद्रियों को वश में रख कर भोगता जो आदमी
पाक बातन, पाक मन, रखता है मक़सद एक यही
राग, द्वेश और ख़ौफ़ से वह दूर रहता है सदा
वह हमेशा मन में खुश रहता है अर्जुन जा बजा

(६५)
शाद रहता है सदा जो, दुख उसे मिलता नहीं
अक़्ल उस की को क़रार आता है फिर हिलता नहीं

(६६)
जो नहीं करते रियाज़त, ज्ञान फिर कैसे मिले
हो न जिस को ज्ञान यह भगवान फिर कैसे बने
जो नहीं हैं वाक़िफ़ इस से उसको शांति क्या मिले
है नहीं शांति जिसे फिर उस को सुख कैसे बने

(६७)
जैसे किश्ती आब में होती रवाँ है नेक ख़ू
और हवा में डोलती है बस परेशाँ चारसू
वैसे ही मन इंद्रियों के साथ जब है डोलता
उस की बुद्धि खींचते हैं जैसे किश्ती को हवा

(६८)
ऐ महाबाहू सुनो अब दिल लगा कर एक बात
जिस ने मारी हो यहाँ पर इंद्रियों को एक लात
इंद्रियों को वश में करके बे-लगाव रहता है जो
उस की अक़्ल को क़रार आता है रहता शाद वह

(६९)
जो है जाहिल उन का दिल है खुशनुमा उन के लिये
हर यही दिल ज्ञानियों की रात है तू जान ले
और जो है रात सुन ले जाहिलों की रात है
योगियों और ज्ञानियों का दिल है सच्ची बात है


(७०)
आके दरिया जैसे मिल जाते हैं सागर में सभी
भोग भी हूं आदमी के मन की गागर में सभी
बस उसे मिलती है शांति है सदा वह शाद काम
भोग जो है भोगता, जाहिल की ज़िन्दगी ना-तमाम

(७१)
जिस ने ममता और तकब्बुर को जलाया आग में
जिस ने अपनी कामनाओं को मिलाया आग में
बस वही रहता है आखिर बे-लगाव इनसान वह
उस की शांति है सदा, और है बा-शान वह

(७२)
सुन ले अर्जुन कीफ़ियत यह बस मयस्सर है उसे
ब्रह्म में जो लीन व वासिल, यह मुकद्दर है रहे
ऐसी पदवी जब हो हासिल, फिर बता वह मोह कहाँ
पहुंच जाता है वहाँ ही जिस को कहते ला-मकाँ

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ्तगू की 'सांख्ययोग' नाम की यह दूसरी अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# तीसरी अध्याय

## फ़लसफ़ा-ए-अमल

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
सुन लिया मैं ने जनार्धन आप के उपदेश को
अमल से बरतर है कैसी यह दुविधा कहो
फिर मुझे क्यों आप देते हैं यह उपदेश जंग का
है कठिन मेरे लिये हाँ जंग का यह रास्ता

(२)
सुन के यह अलफ़ाज़ तेरे अक़्ल मेरी खो गई
है यह उलटी बात ऐसी अक़्ल मेरी सो गई
अब मेरी है इल्तिजा यह, मुझ को राह दिखलाइये
जिस से मेरा हो कृष्ण कल्यान वह समझाइये

**श्री भगवान ने कहा:**

(३)
मैं ने अर्जुन बहुत पहले रास्ते दिखलाये हैं
कर्मियों और योगियों को योग दो सिखलाये हैं

(४)
ये दो मार्ग कर्मयोग और ज्ञानयोग तू जान ले
बा-अमल इनसान जो है, है वह योगी मान ले

कर्म को जो त्याग दे, वह निष्कर्म हरगिज़ नहीं
कामयाबी है नहीं, जो बे-अमल रहता कहीं

(५)

कर्म को जो छोड दे, वह सुन बडा नादान है
कौन है जो बे-अमल रहता यहां इनसान है
खुद बखुद अंजाम देता मनुश्य अपने कर्म को
अपनी फ़ितरत से है बंधन, तोड दे इस भ्रम को

(६)

ज़ाहिरी तौर इंद्रियों को बस में करता है यहां
और मन से इंद्रियों के बस में होता है यहां
है वही पाखंड वही होता यहां पर ख्वार है
फिर बता अर्जुन उसे यां कैसे बेडा पार है

(७)

इंद्रियों को बस में जो करता है मन से आदमी
बे-लगाव हो, इंद्रियों को जीत कर हंसी खुशी
बा-अमल हो और जो फिर अमल से बे-लाग हो
है यही आली मक़ाम, वह कर्मयोगी भाग्य हो

(८)

फ़र्ज़ की तकमील को पहचान ले ऐ होशमंद
कर्म करता तू चला जा नेक हो ऐ खिर्दमंद

बे-अमल मत बन, अमल को फ़र्ज़ को पहचान ले
बे-अमल जो है वह मुर्दा, बस यही तू जान ले

(९)
फ़ैल के बंधन में पड जाता है अर्जुन आदमी
कर्म के यज्ञ से न हुआ अर्जुन जैसे दिलबस्तगी
जान कर यह फ़र्ज़ की तकमील को पहचान ले
खुद बखुद कट जायेंगे बंधन यह अर्जुन जान ले

(१०)
सृष्टकर्ता ने किया है यज्ञ करना जान ले
कामनायें हूंगी पूर्ण कर्म से यह मान ले

(११)
नेक ऐमालों से अर्जुन देवता होंगे प्रसन्न
देवता होंगे प्रसन्न फिर जीव भी होगा मग्न
एक का जो दूसरे से आपसी शुभ काम हो
देख अर्जुन फिर तुम्हें हासिल बडा सुखधाम हो

(१२)
जब तुम्हारी ऐसी नियत, देवता मसरूर हैं
तेरी किश्ती को लगायें पार वह मजबूर हैं
तेरी ख्वाहिश पूरी कर लेंगे तभी यह देवता
चोर है जो ले के उनका फिर नहीं है लोटता

(१३)
बांट कर यज्ञ का तबरुक फिर भी कुछ बचता है जो
जो करे आहार वह है पाप से बचता सुनो
यज्ञ करे जो अपने नंगो-नामूस के ही वास्ते
और खाये आप ही वह पाप का भागी बने

(१४)
जीवधारी अन्न से ही हैं ज़िंदा रहते होशदार
और बारिश से है पैदा यह फ़सल अंजामकार
देख बारिश है बरसती यज्ञ से ऐ नेक-काम
और कर्मों से है होता यज्ञ का फ़ैल मुदाम

(१५)
वेद मंबा सारे कर्मों का तू अर्जुन जान ले
और मंबा वेद का अक्षर-ब्रह्म यह मान ले
सिलसिला कैसा है अर्जुन बस यही विस्तार है
है यही ब्रह्म, यज्ञ में रहता जो अपरंपार है।

(१६)
जान कर भी जो नहीं चलता है अच्छे मार्ग पर
पाप के सागर में वह खुद डूबता है सर-ब-सर

(१७)
आत्मा में लीन जो रहता है, है वह खुश व खरम
बा-कनात है जो, उस को है नहीं कोई भरम

(१८)
बे-लगाव और बे-गर्ज़ हां जो है रहता आदमी
बे-फिक्र है अमल के वह राज़ से ऐ पार्थी

(१९)
इस अक़्ल से काम ले जो राग को बस त्याग दे
फिर वह आमिल पार उतर जाता है ऐसा मान ले

(२०)
कर्म से ही जनक ने पाया जो था आली मक़ाम
तू भी ऐसा कर्म कर दुनिया में मेरे नेक नाम

(२१)
नेक शोहरत आदमी जो कुछ भी करते हैं यहां
उन के पीछे लोग सारे पाँव धरते हैं यहां

(२२)
तीन लोकों में मुझे जो कर्म करना है नहीं
फिर भी अर्जुन कर्म को मैं हूं निभाता, भय नहीं

(२३)
लम्हा भर भी अगर यह कर्म करना छोड दूं
अबतरी आलम में होगी, कैसे फिर मुंह मोड लूं

(२४)
लोग सारे मेरी राह पर हो रहे हैं गामज़न
काहिली से मेरी अर्जुन हो तबाही मोजज़न

(२५)
हैं जो बुद्धिहीन वह करते कर्म अपने लिये
और बुद्धिमान करते कर्म औरों के लिये

(२६)
आक़िलों को इस लिये रास्ता दिखाना चाहिये
भूले भटके जो हैं उन को राह दिखाना चाहिये

(२७)
प्रकृति है सारे आलम में कर्म की मुतहरिक
जाहिल अपने आप को ही मानते आमिल हैं इक

(२८)
जिस ने कर्मों और गुणों के भेद को जाना यहां
खुश-नसीब समझो उसे निर्लीप वह रहता यहां

(२९)
जो कर्म और गुण के बंधन में फंसे हैं बे-खबर
ज्ञानियों को चाहिये उन के बनें वह राहबर

(३०)
जान कर यह कर्म सारे अपने अर्पण कर मुझे
और यकसूई से अर्जुन मन लगा मैं हूं तुझे
छोड आशा और ममता उठ खडा हो अब जंग कर
शोक और संताप को तू त्याग अर्जुन हो निडर

(३१)
जिस ने मेरा रास्ता पकडा वह अर्जुन पार है
फ़ैल से वाबस्तगी उस को नहीं इकरार है

(३२)
मेरी राह पर गामज़न होते नहीं जो ख्वार हैं
है तबाही उन की किस्मत, खुद है वह बेज़ार हैं

(३३)
अपनी फ़ितरत के मुताबिक काम करते हैं सभी
अपने कर्मों के मुताबिक फल वह पाते हैं सभी

(३४)
राग और नफ़रत हैं दुश्मन राहे हक़ में देख ले
उन के क़ाबू में जो आता फिर कहां उठना उसे

(३५)
धर्म अपना जो भी हो उस पर रहो तुम कारबंद
दूसरे का धर्म गर आसान हो या सूदमंद

फर्ज़ अपना कर मुकम्मल उस को बेहतर जान ले
मौत भी आ जाये तो भी उस में कल्याण मान ले

**अर्जुन ने कहा :**

(३६)
कैसे रास्ता पाप का पुरुष पकडता बे-खबर
कौन उस को खींचता बलवान है ऐ राहबर

**श्री भगवान ने कहा :**

(३७)

राजसी बलवान दुशमन क्रोध इक है, काम एक
रास्ता भटकाने वाले हैं यही दो, नाम एक

(३८)
मैल आईने को है जैसे छिपाता देख ले
और धुआं आग को जैसे मिटाता देख ले
है गर्भ में जैसे लिपटा गर्भ का ही आसरा
ज्ञान को भी क्रोध और यह काम ढकते हैं सदा

(३९)
काम शत्रु ज्ञानियों के है छिपाता ज्ञान को
काम रूपी आग है, जो बस जलाता ज्ञान को

(४०)
काम का मसकन है इंद्रिय और मन यह जान ले
साथ में बुद्धि भी है उस का ठिकाना मान ले

(४१)
इस लिये तू इंद्रियों को कर ले क़ाबू नेक फ़ैल
काम को तू मार अर्जुन वीर हो तुम बे-मिसाल

(४२)
है परे काया से इंद्रिय और उस से मन बडा
मन से बुद्धि है बडी और उस से बढ कर आत्मा

(४३)
जान कर यह मन को क़ाबू कर ले अर्जुन वीर तू
और बुद्धि बल से प्यारे मन को कर ले ज़ेर तू
ऐ महाबाहू, यह दुश्मन काम है बलवान जो
इस को मारे, याद रख ले, बस तुम्हें कल्यान हो

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ्तगू की 'कर्मयोग' नाम की तीसरी अध्याय खत्म हुई)**

★ ★ ★

# चौथी अध्याय

## अलिम व अमल (ज्ञान, कर्म और तर्क का फ़लसफ़ा)

**श्री भगवान ने कहा:**

(१)
मैं ने अविनाश योग कुन्तीपुत्र सूर्य को कहा
और सूर्य ने सुनाया मनु को जो पुत्र था
फिर मनु ने आगे जाकर कह सुनाया पुत्र को
नाम उसका इक्श्वाको था यह अरजुन जान लो

(२)
इस तरह से बाप बेटे को सुनाता आगया
राज ऋषियों ने भी तब यह भेद जाना योग का

(३)
वह मुकद्दस योग मैं ने तुम को समझाया अगर
हो मेरे तुम भगत भी और दोस्त भी, यह जान कर
है परातन योग इस को जान, बरतर है यही
इस लिये तुम से कहा है ध्यान से सुन ले वही

**अरजुन ने कहा:**

(४)
आप की यह बात सुन कर कृष्ण मैं हैरान हूआ
बहुत पहले ऐ कृष्ण था जन्म जो विवस्वान का

कैसे मानूं आप ने यह योग पहले है कहा
जन्म तेरा बहुत उस के बाद कृष्ण है हुआ

**श्री भगवान ने कहा:**

(५)
इस से पहले बहुत हम ने जन्म धारन किये
जानता हूं सब मैं अर्जुन, वाक्फ़ियत है किसे
तुम ने धारन जो किये हैं जन्म बहुत, हो बे खबर
है यह कैसी बात अर्जुन यह भी सुन ऐ वीरवर

(६)
मैं अजन्मा और अविनाशी हूं अर्जुन जान ले
मैं हूं ईश्वर और सब का मैं हूं मालिक मान ले
अपनी प्रकृती को काबू करके मेरा है ज़हूर
योग माया से है मेरा फैलता अर्जुन यह नूर

(७)
धर्म जब घटता अधर्म देख बढता है तभी
साथ तब संसार में फिर अबतरी फैले तभी
फिर गुनाहों का जो होता ज़ोर है प्रचार ओर
यह जिस्म में धार कर, आता यहां करता हूं दौर

(८)
सब गुनहगारों को आलम से मिटाने के लिये
और नेकोकार जो उन को बचाने के लिये

धर्म के क़यामे-हक़ की आबियारी के लिये
मैं जन्म लेता हूं हर युग में यह अर्जुन जान ले

(९)
जो मेरा यह कर्म अर्जुन और जन्म हैं जानते
है खुदाई, बस वही मर कर भी पाते हैं मुझे

(१०)
आ गये माज़ी में हैं मेरी शरण जो आदमी
राग, डर और क्रोध को जो त्याग कर शरणी मेरी
और जिन का ज्ञान के तप से पवित्र है शरीर
वह मेरे ही पास आये हैं सुन अर्जुन मेरे वीर

(११)
जो कोई बुद्धिमान वह रास्ता मेरा लिये
फिर किसी भी राह से ढूंडे, मैं हूं मिलता उसे

(१२)
जो नहीं हैं जानते यह मेरा तत्व और सार
देवताओं को जो पूजे, कामयाब अंजामकार
उन के मन में जो मुरादें पूरी होती हैं अगर
मुझ से जानो दूर हैं वह याद रख ऐ बहरावर

(१३)
मैं ने गुणों और कर्मों के मुताबिक, जान ले
वेश्य, क्षत्री, शूद्र, ब्रह्मण वर्ण चार पैदा किये
हूं अगर कर्ता मैं उनका, मैं अकर्ता यार हूं
मैं हूं अविनाशी पुरुष, और मैं अपरंपार हूं

(१४)
कर्म फल से मैं हमेशा दूर हूं नामवर कहीं
इस लिये तू जान मुझको कर्म बंधन है नहीं
जो मेरे इस राज़ को है जानता अर्जुन यहां
है सदाक़त बस यही, उस को भी बंधन है कहां ?

(१५)
नेक पुरुषों ने किये जो कर्म थे मेरे लिये
राहे हक़ पर और जो चलते रहे मेरे लिये
थी उन्हें नजात की तलाश आमिल थे सदा
तुम भी पकडो रास्ता हक़ का, अमल का, ज्ञान का

(१६)
अक़्लमंद भी हैं नहीं हां जानते इस राज़ को
कर्म और अकर्म क्या है सुन ले इस आवाज़ को
मैं तुम्हें अर्जुन सुनाऊंगा है आखिर कर्म क्या
छूट जाओगे जो बंधन से मिलेगा रास्ता

(१७)
कर्म क्या है, इस के सत् को जान लेना चाहिये
और अकर्म वीर क्या है, मान लेना चाहिये
कौन से ममनूह कर्म हैं, किन का है अंजाम नेक
अमल का है रास्ता मुश्किल मगर मुक़ाम नेक

(१८)
जानता है जो कर्म निकला अकर्म से सदा
और जो कर्मों के बंधन में भी निष्कर्म है रहा
है वही अफ़ज़ल यहां मनुष्यों में अफ़ज़ल जान ले
बा-अमल हो आदमी जो उस को योगी मान ले

(१९)
है वही पँडित, जो करता कर्म ख्वाहिश के बिना
ज्ञान की अग्नी ने जिस का भस्म कर्म कर लिया

(२०)
मैं हूं आमिल और ख्वाहिश ऐसे दोनों त्याग कर
है सदा वह खुश खर्म और निष्कर्म वह वीरवर

(२१)
जिस ने काबू कर लिया अन्त:कर्ण और जिस्म को
है नहीं पापी कर्म ख्वाहिश बना करता है जो

(२२)
है जो साबिर और खुश हर हाल में जो आदमी
और जिस का मन सदा खुशहाल है अर्जुन वही
कामयाबी और नाकामी को यकसान जानता
कर्मयोगी शोक हर्ष को यकसान मानता

(२३)
कर्म की सोहबत से अर्जुन दूर रहता ज्ञानवान
यज्ञ के हेतू जो करता कर्म हमेशा नेक जान
बा-अमल इनसान ऐसा मुक्त है, आज़ाद है
कर्म उस के सब फ़ना होते हैं वह दिलशाद है

(२४)
आग और सामान हवन का और यज्ञ का अमल
आहुती इस यज्ञ की और साहिबे-दिल बा-अमल
देख अर्जुन सब में हूं खुद ब्रह्म ऐसा जान ले
ब्रह्म का यह फ़ैल है खुद ब्रह्म करता मान ले

(२५)
बहुत सारे यज्ञ करते देवताओं के लिये
डालते आहुती हैं इस आग में ज्ञानी भले

(२६)
अपनी सारी इंद्रियों को बस में करते बे शुमार
हैं जलाते इंद्रियों को बहुत सारे बार बार

(२७)
बहुत सारे ज्ञान की अग्नी में अपने फ़ैल को
डालते हैं इंद्रियों को, प्राण के इस शग़ुल को

(२८)
बहुत सारे यज्ञ करते, ऐश व इशरत भोगते
तप में मशगूल बहुत सारे योग में कुछ साधते
शास्त्र पढते हैं हासिल अलिम करते बहरावर
बहुत सारे करते हैं फ़ाक़ाकशी ऐ नामवर

(२९)
बहुत सारे मेल करते प्राण और अपान को
और प्राणायाम का अभ्यास करते धीर हो

(३०)
जिस ने अपने खान पान और प्राण को काबू किया
उस के मिटते पाप हैं, वह नूरे हक़ है देखता

(३१)
हवन करके बाद में बचता है जो आबे हयात
खाये योगी, उस को पाये ब्रह्म पद वह मेरे तात
हवन से जो दूर रहता, यज्ञ कभी करता नहीं
दोनों लोकों में वह गिरता, हक़ को वह पाता नहीं

(३२)
वेद ने अर्जुन बताया यज्ञ का विस्तार है
जान लो यह जिस्म, इँद्रिय और मन बा-कार है

(३३)
सारे हवनों का यह अर्जुन सार बस इक ज्ञान है
और सारे कर्म करना, ज्ञान है बस ध्यान है

(३४)
हैं जो आलिम और बुद्धिमान अर्जुन जान ले
उन की सेवा और आदर बस यह सब कुछ मान ले
असलियत जो जानते हैं उन से ही तू प्रश्न कर
वह तुम्हें उपदेश देंगे दोस्त तेरे बहरावर

(३५)
आखरश तू उन से ही उपदेश हक़ का पायेगा
नाश होगा मोह का, तू राहे हक़ पर आयेगा
सारे जीव तू आत्मा में अपने ही देख पायेगा
और फिर यह सारा आलम मुझ में ही मिल जायेगा

(३६)
पापियों में हो अगर तुम एक पापी नामवर
याद रख तू पाप से बच, पार होगा वीरवर

(३७)
आग जैसे राख करती लकड के अंबार को
ज्ञान की अग्नि जलाती कर्म के है सार को

(३८)
ज्ञान ही से पाक होता है सभी कुछ जान ले
पाक बातन जो है अर्जुन खुश खर्म वह मान ले

(३९)
जो अक़ीदतमंद अपनी इँद्रियों को ज़ेर कर
अलिमे हक़ हासिल उसे वह पाक बातन बे-ज़रर
मारिफत हासिल उसे जब स्कूने कलब हां
है जहां आली मकाम वह पहुंच जाता है वहां

(४०)
बे-अक़ीदत और अलिम व अमल से जो दूर हो
है नहीं जिस को अलिम भी और जो मगरूर हो
ऐसे बेबस आदमी को सुख कहाँ? आराम कहाँ?
है न उक़बा, है न दुनिया, उस का फिर अंजाम क्या

(४१)
जिस ने अर्पण कर लिये हैं कर्म अपने यार को
ज्ञान से करके फ़ना यह शक व शुबह के भार को
सुन धनंजय है वह ज्ञानी, बा अमल तू मान ले
कर्म कोई है नहीं बंधन यह हरगिज़ जान ले

(४२)
शक शुबह को छोड कर तू कर्म कर बस कर्म कर
ज्ञान की तलवार से तू काट समशय हो निडर
कर्मयोग का बल पकड अर्जुन तू उठ अब पार हो
अपनी ताकत को संभाल और जंग को तयार हो

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्म विद्या के योगशास्त्र में कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'ज्ञानकर्मसंन्यासयोग' नाम की यह चौथी अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# पाँचवी अध्याय

## नतीजा-ए-आमाल से दस्तबर्दारी

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
इक सवाली सामने बन कर हुआ अर्जुन खडा
दस्त-बस्ता कृष्ण से वह फिर से यूं कहने लगा
है कर्म सन्यास क्या और कर्म योग समझाइये
मुझ को बस इक रास्ता कल्यान का दिखलाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(२)
हैं यह दोनों कामरानी और सुख देते सदा
रास्ते कल्यान के हैं दुख नहीं कुछ बे-रिया
है मगर दोनों में बेहतर कर्मयोग यह जान ले
साधना आसान है यह और उत्तम मान ले

(३)
है नहीं नफरत जिसे और लोभ या ख्वाहिश जिसे
द्वंदभाव से जो परे मान कर्म सन्यासी उसे

(४)
कर्म को और ज्ञान को जो मुख्तलिफ हैं जानते
बे खबर हैं दोनों, ज्ञानी एक ही हैं मानते

रास्ता जो दो में से एक का पकडे कोई
एक से ही दोनों का हाँ फल वह पाता है तभी

(५)
कर्मयोगी और ज्ञानी का है एक आली मकाम
एक देखे दोनों को जो पाये उस को नेक नाम

(६)
पहुंचता है कर्मयोगी पास उस दिलदार के
हैं सन्यासी भी पहुंचे कर्म से पास उस यार के

(७)
जिस का मन और इँद्रियाँ हैं ज़ेर अर्जुन जान ले
और शुद्ध अंत:कर्ण है जिस का इँद्रिय जीत के
आत्मा के साथ है जो लीन सुन ऐ बहरावर
कर्म में मसरूफ़ फिर भी बे-अमल वह वीरवर

(८)
जागते और सोते हंसते, देखते और बोलते
खाते पीते, सांस लेते छोडते या कुछ करे

(९)
चलते फिरते और छूते आँख को या खोलते
इँद्रियों का है यह व्यवहार ऐसा योगी मान ले

(१०)
जिस ने सारे कर्म अर्पण कर लिये उस यार के
बे-लगाव जो खुद रहे वह पास हो दिलदार के
जिस तरह से आब में कंवल है रहता बे-असर
बस है ऐसा साँख्य योगी बे-लगाव और बे-ज़रर

(११)
कर्मयोगी काम में मशगूल है, मसरूर है
जिस्म, अक़्ल और मन से फ़ैल को मजबूर है
मन से है बेलाग पार्थ, कर्म करता जा रहा
आत्मा को पाक करके कर्म करता है सदा

(१२)
कर्म फल को जिस ने अर्पण कर लिया भगवान के
है मयस्सर उस को ताक़त और शाँति है उसे
जिस को चाहत है यह रहती कर्म फल की वीरवर
है उसे बंधन जिसे है मन में पर-हिस बहरावर

(१३)
साँख्य योगी आत्मा में लीन आनंद है उसे
और नौ द्वारों की नगरी में उसे सब सुख मिले

(१४)
है चलाती प्रकृती यह सारे आलम का निज़ाम
और है भगवान ने सब को दिया अपना मक़ाम

(१५)
सर्व व्यापक है जो भगवन, पाप पुण्य से दूर है
ज्ञान ढकता मोह से है, और बशर मजबूर है
है सबों को ढाँपता यह मोह अर्जुन जान ले
और मायाजाल सब का ज्ञान ढकता मान ले

(१६)
आत्मा के ज्ञान से अज्ञान जिस का दूर हो
वह हैं अर्जुन भोगते आनंद सुख मसरूर हो
जिस तरह से सूरज होता है सदा यह ज़ूफिशान
आत्मज्ञानी का चमक उठता ऐसे आत्मज्ञान

(१७)
जिन की बुद्धि है स्थिर और जिन के मन को है क़रार
हैं अक़ीदतमन्द उस की बारगाह में अश्कबार
धुलते हैं उन के गुनाह सब और उस के पास ही
पहुंच जाते है, नहीं है वापसी उन को कभी

(१८)
ऐसे बुद्धिमान पुरुशों की नज़र है एक ही
आरिफ़ हो, आलिम हो, या चंडाल, बस एक हैं सभी
हो जो कुत्ता और हाथी, आत्मा बस एक ही
कामधेनु में बसा जो आत्मा बस है वही

(१९)
जिन की दृष्टि एक हो फिर उन का बेडा पार है
जीत कर यह सारा आलम पार ही बस पार है
है जो अर्जुन ब्रह्म सत् चित् और आनन्द जान ले
ऐसा आरिफ़ और कामिल यार उस का मान ले

(२०)
मन पसन्द अर्जुन मिले जिस को यहाँ कुछ सुख न हो
मन पसन्द जो भी न हो कुछ फिर भी अर्जुन दुख न हो
है जो आक़िल ब्रह्म को वह जान लेता है यहाँ
जिस की अक़्ल कायम है, वह पहुंच जाता है वहाँ

(२१)
बाहरी जो भोगता है भोग अर्जुन बहरावर
बे लगाव अंत:कर्ण हो जिस का सुन ऐ वीरवर
ब्रह्म में जो लीन है वह आत्मा में लीन है
सुख उसे मिलता है अर्जुन जो न होता क्षीण है

(२२)
बाहरी चीज़ों से मिल कर पैदा होते भोग जान
देखने में सुख मिले पर दुख से हैं भरपूर मान
इब्तिदा और इन्तिहा है इन को यह क़ायम नहीं
भोगता इन को नहीं बुद्धिमान, यह दायम नहीं

(२३)
मौत से पहले किया बस काम को और क्रोध को
जिस ने, योगी है उसे आनन्द सदा सुख चैन है

(२४)
आत्मा में है सुखी, है आत्मा रोशन जिसे
ब्रह्म में वह लीन अर्जुन और शाँति है उसे

(२५)
है गुनाहों से मुबर्रा और शंका कुछ न हो
लोकसेवा में मग्न जो पुर-सुकून रहता है वह

(२६)
अपने मन को वश किया, क़ाबू किया है क्रोध काम
आत्मा में शाँत हरदम पुर-सुकून वह नेक नाम

(२७)
अपने मन से दूर कर विषयों को अर्जुन जो बशर
अपनी दृष्टि अबरुओं के बीच में करके स्थिर
प्राण और अपान को फिर एक साथ कर ले मुदाम
जानने वाला जो पकडे रास्ता यह नेक नाम

(२८)
मन. बुद्धि और इँद्रियों को ज़ेर जिस ने कर लिया
उस को फिर नजात ही नजात है आख़िर सदा

गुस्सा, डर और चाहना, यह जिस के दिल से दूर हो
है सुखी अर्जुन सदा, वह शाद हो मसरूर हो

(२९)
भक्त मेरा मुझ को सब का सार अर्जुन जान कर
तप रियाज़त, यज्ञ का भोगी मुझे ही मान कर
जानता है मुझको जीवों का धनंजय यार मैं
और पाता है सुकूने क़लब वह, दिलदार मैं

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ्तगू की 'कर्मसंन्यासयोग' नाम की यह पाँचवी अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# छठी अध्याय

## फ़लसफ़ा-ए-खुद-ज़ब्ती

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
है वह योगी और सन्यासी यह अर्जुन जान ले
है कर्म करता जो ख्वाहिश के बिना यह मान ले
त्याग जो करता कर्म को है नहीं योगी महान
आग को जो त्याग दे बस है वह सन्यासी कहाँ

(२)
जिस को हैं सन्यास कहते योग जानो है वही
कर्मयोगी, साँख्ययोगी एक अर्जुन हैं सही
है कहाँ वह कर्मयोगी ज्ञान जिस को है नहीं
जो नहीं संकल्प छोडे, ज्ञान उस को है नहीं

(३)
जो मुनि हैं कर्म को वह मानते अफ़ज़ल मुदाम
और जो हैं योग में ही महू रहते नेक नाम
जानते हैं बा अमल हो योग में जो महू हैं
और जो निष्काम हैं वह पुर-सुकून हैं अमल में

(४)
इँद्रियों से दूर मन है संकल्प कोई नहीं
ला-तालुक अमल से, योगी वह है ऐ हमनशीन

**(५)**
दोस्त अपने आत्मा को जान लो ऐ वीरवर
और दुश्मन आत्मा है अपना ही ऐ नामवर
जान कर फिर ऐ धनंजय अपना बेडा पार कर
खुद करो कोशिश, कर्म कर, नेकियों को पार कर

(६)
जो जिस्म और मन को जीते, आत्मा बाँधव बने
है नहीं क़ाबू में कोई आत्मा शत्रु बने

(७)
गर्म ठंडा और सुख दुःख जिस को अर्जुन एक हो
इज़्ज़त और बे-इज़्ज़ती, नेकी बदी भी एक हो
बस उसे शाँति मिले और ज्ञान का प्रकाश हो
और उसे बस आत्मा में ही हमेशा वास हो

(८)
जिस ने अपनी इँद्रियों को पार्थ काबू किया
ज्ञान और विज्ञान के ही रंग में खुद को रंग लिया
है पत्थर मिट्टी यह सोना एक ही उस के लिये
है वह योगी वीर अर्जुन शुद्ध अनुभव है उसे

(९)
दोस्त दुश्मन और यह अपना पराया एक हो
धर्म आत्मा, गम ज़दा पापी भी हो या नेक हो
है वही सच्चा पुरुष समभाव अर्जुन है जिसे
एक हूं जिन की नज़र में सब, वह अफ़ज़ल मान ले

(१०)
इँद्रियों और मन को काबू कर, रहे एकांत में
आत्मा के बल से योगी की दशाऐं शाँत हैं
रात दिन हो महू अर्जुन यार के ही ध्यान में
वासना को त्याग कर मसरूफ़ हो बस ज्ञान में

(११)
बैठने की जो निशस्त हो, साफ हो वह पाक हो
ऊंची नीची जो न हो, हमवार जगह ऐसी हो जो
हो कुशा का घास उस पर हो हिरन की खाल भी
उस के ऊपर पाक वस्त्र उस पे बैठे खुद वही

(१२)
ऐसे आसन पर वह बैठे मन को फिर यकसू करे
और फिर अभ्यास से ही मन भी शुद्ध ऐसा रहे

(१३)
सीध में गरदन रखे और जिस्म भी सीधा रहे
सिर भी सीधा, नाक की फिर नोक पर दृष्टि धरे

(१४)
डर से रखे जो मुबर्रा मन को और शाँति भरे
शुद्ध रखे अंत:करण ब्रह्मचार्य का पालन करे
ध्यान मेरा इस तरह से जो करे वह पार है
लीन मुझ में बैठ कर योगी वह मेरा यार है

(१५)
इस तरह से ध्यान जब करता है योगी नेक नाम
आत्मा को लीन मुझ में करके पाता है मकाम
परम आनन्द है उसे हासिल यह अर्जुन जान ले
सत् चित आनन्द और है निर्वान भी हासिल उसे

(१६)
सुन ले अर्जुन जो कोई खाता बहुत नाकाम है
और जो खाता नहीं, उस को तकब्बुर ख़ाम है
और जो सोता है ज़्यादा योग से महरूम है
जो नहीं सोता कभी वह जोग से महरूम है

(१७)
एक सा हो खान पान और एक सा ही काम हो
एक सा हो जागना, सोना भी एक अंजाम हो
भोग भी बाक़ायदा यह काम भी तू मान ले
जिस से तकलीफ दूर हों, तू योग उस को जान ले

(१८)
मन हो जिस का ज़ेर अर्जुन और लीन भगवान से
जो मुबर्रा ख्वाहिशों से है वह योगी मान ले

(१९)
है दिये की लौ जलती जिस तरह उस को क़रार
इस तरह से ध्यान में योगी मग्न, हर दम तयार

(२०)
योग की करता सयी पयहम उसे दीदार है
पाक उस की अक़्ल है, वह यार है बाकार है

(२१)
ऐसी हालत में वह योगी, आत्मा में सुख उसे
अक़्ल उस की पाक निर्मल है नहीं कुछ दुख उसे
राहे हक़ से है नहीं हरगिज़ भटकता जान ले
यार की सूरत का आशिक़ है वह योगी मान ले

(२२)
फ़ायदा हासिल उसे है जिस से कुछ बरतर नहीं
रास्ता रोके उसे दुख इस का अर्जुन डर नहीं

(२३)
ऐसी हालत को हैं कहते योग अर्जुन जान ले
जिस में हरगिज़ दुख नहीं होता है ऐसा मान ले

कर अमल फिर योग का अर्जुन यही तू मान सच
बन अक़ीदतमंद, खुदा को जान सच, पहचान सच

(२४)
वासना को काट अर्जुन और बस बेलाग हो
कामना होती है पैदा जग में बस रहता है जो
इँद्रियों को ज़ेर करने से फ़ना होती है मैल
ख्वाहिशों को छोडना दीदार की है दागबेल

(२५)
रफ़्ता रफ़्ता बस अमल से लीन हो भगवान में
और न कोई हो खयाल बस उस के ही हो ध्यान में

(२६)
बेक़रार अर्जुन है मन यह इँद्रियों से खेलता
ज़ेर करके मन को हरदम उस की खदमत में लगा

(२७)
बेगुनाह मन शाँत है और ब्रह्म में ही लीन जो
कामना को ज़ेर कर आनन्द उसे हो सुख भी हो

(२८)
बेगुनाह योगी जो है अर्जुन तू सुन ले ध्यान से
परम आनन्द और परम सुख है सदा मिलता उसे

(२९)
इक नज़र योगी की सब में आत्मा मिलता उसे
बर्फ में पानी, सभी में आत्मा दिखता उसे

(३०)
देखता है सब को मुझ में, मुझको सब में जो भले
मैं प्यार करता हूं उस को प्यार करता वह मुझे

(३१)
जिस के दिल में यह खयाल और मुझ को जो है पूजता
बा-अमल दिन रात योगी मुझ में रहता है सदा

**अरजुन ने कहा :**

(३२)
कृष्ण से कहने लगा अर्जुन यह सुन कर साथ ही
ऐ कृष्ण जो योग तुम ने मुझ को समझाया अभी

(३३)
मन है चंचल कुछ नहीं उपदेश से मुझ को मिला
ध्यानयोग है इसलिये मुझको कठिन दिखता बडा

(३४)
कृष्ण मन चंचल बडा है, तेज़ है बलवान यह
है हवा को ज़ेर करना, है नहीं आसान यह

**श्री भगवान ने कहा :**

(३५)
सच है अर्जुन मन है चंचल और बहुत बलवान है
सयी पयहम से करना ज़ेर यह आसान है
देख तू वैराग से ही अर्जुन इस को ज़ेर कर
कुछ भी हो अर्जुन तू मन के पाँव में ज़ंजीर कर

(३६)
योग मुश्किल है उसे मन जिस के क़ाबू में नहीं
मन हुआ क़ाबू तो अर्जुन योग मिलता है वहीं

**अर्जुन ने कहा :**

(३७)
जो अक़ीदतमंद कृष्ण है पर सुकून जिस को नहीं
कौन सी हालत वह पाये, योग क्या उसको नहीं

(३८)
कृष्ण जो राह से भटकता क्या खुदा पाता नहीं ?
बादलों की तरह फिर वह क्या फ़ना होता नहीं ?

(३९)
तुम से बढकर कृष्ण है कौन जो मुझे रास्ता दिखाए
ला-अलिम हूं कृष्ण खुद ही दो, मुझे हक़ से मिलाए

**श्री कृष्ण ने कहा :**

(४०)
प्यारे पार्थ जिस ने पकडा है खुदा का रास्ता
नेक हो जिस का अमल वह नेक पायेगा मुदा

(४१)
योग से गिरता स्वर्ग में है वह रहता नेक नाम
जन्म लेता है दुबारा नेक घर में नेक नाम

(४२)
जन्म लेते योगियों के घर कुछ ऐसे आदमी
है मगर मुश्किल बहुत ऐसा जन्म लेना कभी

(४३)
नेक बख्त को यहाँ अैमाल पिछले जन्म के
नेक ऐमालों में फिर से हैं लगाते योग के

(४४)
नेक घर में होके पैदा है खुदा को ढूंढता
बा-अमल हो वेद के अहकाम पर हामिल सदा

(४५)
बहुत सारे जन्म लेकर सिद्ध होता नेक नाम
हो गुनाह से पाक अर्जुन पाये वह आली मक़ाम

(४६)

जो रियाज़त करते हैं उन से भी अफ़ज़ल योगी जान
जो है ज्ञानी, उस से भी बरतर ऐ अर्जुन योगी मान
और जो आमिल हैं उन से योगी है अफ़ज़ल सदा
इस लिये अर्जुन तू बन योगी यही नेक रास्ता

(४७)

योगियों में उस को अफ़ज़ल और बरतर मान ले
है अक़ीदतमंद जो अर्जुन सब में आला जान ले
ध्यान मेरा जिस को हर दम और पूजे है मुझे
योगियों में सब से अफ़ज़ल मानता हूं मैं उसे

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'आत्मसंयमयोग' नाम की यह छठी अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# सातवीं अध्याय

## फ़लसफ़ा-ए-ऑलिम-ओ-इरफ़ान

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
योग में रम ऐ धनंजय बात मैं बतलाऊंगा
मैं हू बल और ऐश्वर्यमय यह तुम्हें समझाऊंगा

(२)
मैं तुम्हें समझाऊंगा पार्थ यह तत्व ज्ञान क्या
जान कर पहचान होगी, ध्यान से सुन वार्ता

(३)
है हज़ारों में यत्न करता यहाँ एक आदमी
मेरे नज़दीक पहुंचने की ऐसी कोशिश एक की
और ऐसे योगियों में एक ही बस एक ही
जानता है तत्व मेरा, पहुंचता है बस वही

(४)
सुन ले जो है यह ज़मीन, यह आग पानी वीरवर
यह हवा, आकाश, बुद्धी और मन ऐ बहरावर
और इन के साथ आहमकार अर्जुन आठ हैं
मुन्कसम है मेरी प्रकृत बस इसी दरबार में

(५)
यह है फ़ितरत मेरी अर्जुन जान तू अपरा रहे
है परा प्रकृत जो मेरी वह भी सुन ले ध्यान से
जिस ने धारन है किया यह सारा आलम वीरवर
है वह अफ़ज़ल मेरी फ़ितरत जान ले ऐ बहरावर

(६)
दो किस्म की मेरी फ़ितरत प्राणियों का प्राण है
मुझ से पैदा सारा आलम और मुझ में है परे

(७)
सारा आलम ऐ धनंजय मुझ में कैसे देख ले
जैसे माला में यह मोती हैं पिरोये देख ले
मुझ से ऊपर है नहीं कोई यह अर्जुन मान तू
मैं हूं अफ़ज़ल सब से बरतर यह सदाक़त जान तू

(८)
मैं हूं कुन्ती के पुत्र रस आब में फ़ितरत मेरी
चांद और सूरज में अर्जुन मैं हूं उन की रोशनी
और मैं वेदों में ॐ हूं शब्द हूं आकाश में
आदमियत हूं मैं उन में देख जो इनसान हैं

(९)
तेज हूं मैं आग में तू वीर अर्जुन जान ले
और पृथवी में यह खुशबू ऐसा हूं मैं, मान ले

प्राणियों का प्राण हूं मैं यह भी फ़ितरत है मेरी
और तप तपस्वीयों का ऐसी फ़ितरत है मेरी

(१०)
सुन ऐ पार्थ बीज हूं मैं सारे जीवों का यहाँ
और बुद्धी हूं मैं बुद्धिमान की जो बे बयाँ
पुर जलाल जो कोई अर्जुन मैं ही उस का हूं जलाल
जान ले तू वीर अर्जुन मेरी फ़ितरत का कमाल

(११)
मैं हूं ताकत उन की ताकतवर हैं जो संसार में
कामना और राग से जो दूर हैं इज़हार में
मैं हूं ख्वाहिश प्राणियों में, धर्म के अनुकूल मैं
तुम हो अफ़ज़ल भारतों में ऐसे गुन मेरे ही हैं

(१२)
सत, रज और तम से सारे जीवों के, मुझ से हैं
मैं नहीं हूं उन में अर्जुन वह हैं मुझ में क्या कहें

(१३)
इन गुणों के मोह में फंस कर नहीं हैं जानते
मैं हूं बरतर, मुस्तक़िल, ऐसा नहीं वह मानते

(१४)
मेरी माया जो बटी है इन गुणों के मेल से
जो शरण लेते मेरी वह पार इस संसार के

(१५)
जो गिरे हैं कम अक़्ल हैं और माया में फंसे
और जो शेतान सीरत हैं नहीं पाते मुझे

(१६)
चार आदमी पूजते हैं मुझ को अर्जुन बा-सफ़ा
एक ज्ञानी दूसरा तकलीफ में जो मुबतला
तीसरा है माल व दौलत की है सुन चाहत जिसे
और चौथा है तलाशे ज्ञान में राहत जिसे

(१७)
इन में अर्जुन याद रख ज्ञानी है अफ़ज़ल नामवर
मुझ को प्यारा है वही और प्यार से वह बहरावर

(१८)
गो यह चारों उत्तम हैं, पर ज्ञानी मेरा प्राण है
मन बुद्धी है लीन मुझ में जान मेरी जान है

(१९)
बहुत से जन्मों में आकर शरण लेता है मेरी
मुझ को सब कुछ मानता है यह है उस की बर्तरी

(२०)
है अक़्ल जिन की परेशान और ख्वाहिश तेज़ तर
देवताओं को वह पूजें, ऐसे मुझ को छोड कर

(२१)
जो अक़ीदतमंद कोई पूजता है देवता
मैं ही करता हूं अक़ीदत उस की अर्जुन देर पा

(२२)
जिस की जैसी हो अक़ीदत जिस की जो पूजा करे
उस की पूरी कामना होती है ऐसा जान ले

(२३)
जो भी फल मिलता है उन को ऐसे पूजा पाठ से
हैं वह थोडी अक़्ल वाले नाश है होना उसे
देवताओं को जो पूजे देवता उस को मिले
पूजता जो मुझको अर्जुन मैं ही हूं मिलता उसे

(२४)
मैं तेरी पैदायिश से हूं और इँद्रीय से परे
कुछ नहीं होती है तबदीली मुझे यह जान ले
हैं जो बुद्धिहीन मुझ को हैं नहीं वह मानते
सब से अफ़ज़ल मैं हूं अर्जुन वह नहीं यह मानते

(२५)
योग माया से नज़र आता नहीं हूं, याद रख
मैं कभी पैदा, फ़ना होता नहीं हूं याद रख

(२६)
जानता हूं मैं जो थे माज़ी में जीव ऐ बा-सफा
और जो हैं हाल में, मैं काल उन का जानता
और जो आयिंदा हूंगे उन को जानों मैं सदा
पर मुझे ऐ वीर अर्जुन कौन है जो जानता

(२७)
ख्वाहिश व नफरत से अर्जुन ताकत अज़दाद से
अक्ल खो जाती है उन की ऐ परंतप जान ले

(२८)
नेक ऐमाल जिन के हूं और जो गुनाह से पाक हैं
और जो आज़ाद अर्जुन हो गये अज़दाद में
मुझको ही वह पूजते हैं मुझ में अपना मन लगा
अहद पर क़ायम वह अर्जुन अपने रहते हैं सदा

(२९)
जो पनाह लेते हैं मुझ में और मुक्ती ढूंडते
मौत व पैदाइश के बंधन से ही बचना चाहते
जानते हैं क्या कर्म है, और अर्जुन ब्रह्म क्या
किस को अध्यात्म हैं कहते, कौन है रहता सदा

(३०)
जो मुझे पहचानते हैं जानते हैं वह सभी
किस को आधिभूत कहते और क्या आधिदेव भी
और है यह अधियज्ञ क्या ऐसा अर्जुन जान ले
मौत के लम्हे में भी वह हैं मुझे पहचानते

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'ज्ञानाविज्ञानयोग' नाम की यह सातवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# आठवीं अध्याय

## ब्रह्म यानी लाफ़ानी ज़ात का फ़लसफ़ा

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
आदमियों में हो अफ़ज़ल, यह मुझे बतलाइये
किस को कहते ब्रह्म हैं, अध्यात्म क्या समझाइये
कर्म और अधिभूत क्या है सब बयाँ फरमाइये
ऐ कृष्ण अधिदेव क्या, तफ़सील से बतलाइये

(२)
ऐ मधु के मारने वाले अधियज्ञ चीज़ क्या
इस जिस्म में किस तरह रहता है मुझको यह बता
किस तरह से वक्ते आखिर तुम को कोई जान ले
है जो क़ाबू खुद को करके किस तरह पहचान ले

**श्री भगवान ने कहा :**

(३)
सब से बरतर, ला फ़ना यह है जो अर्जुन ब्रह्म ज्ञान
जिस में मसकन है जिस का वह अध्यात्म ला मकान
फ़ैल जिस से जन्म लेते हैं यह जीव ऐ नामवर
कर्म उस को जान ले यह है सदाक़त वीरवर

(४)
जो फ़ना होता है फ़ितरत में उसे अधिभूत जान
और जो है पुरुष उस को वीर तू अधिदेव मान
इस जिस्म में हूं मैं अधियज्ञ अर्जुन जान ले
जो भी कुछ है देखता तू सब यह मेरा जान ले

(५)
वक़्ते आखिर याद मेरी करते जिस की मौत हो
आन कर मिलता है मुझ से जैसे होता रूबरू

(६)
जो भी जिस की याद करके छोड जाता है शरीर
ध्यान में इस के ही वह पाता है उसको मेरे वीर

(७)
इस लिये तू याद हर दम मुझ को कर और जंग कर
मब बुद्धि को एक करके मुझ को पायेगा बशर

(८)
दिल को यकसू करके पार्थ जो खयाल बस एक हो
और फिर अभ्यास में और योग में जो नेक हो
ध्यान परमात्म का जिस को परम पुरुष जो महान
बस उसी के पास अर्जुन पहुंच जाता है वहां

(९)

है क़दीम, अर्जुन, लतीफ़ और मशाले सूरज ताबदार
है परे तारीकियों से और बरतर नामदार

(१०)

ऐसी हस्ती मुनव्वर का जो करता ध्यान है
वक्ते आखिर मन लगा कर छोडता जो प्राण है
अबरुओं के बीच में जो प्राण को ठहराये है
योग और भक्ती से उस को आखिरश वह पाये है

(११)

वेद जिस को ला फ़ना कहते हैं सन्यासी जहाँ
ख्वाहिश व बंधन न उस को, ज़ब्त का पाबंद हाँ
है जहाँ ऐसा तसव्वुर और है जो ला फ़ना
उस को मैं तेरे लिये अब मुख्तसर बतलाऊंगा

(१२)

बंद करके सारे दर इस जिस्म के, मन ज़ेर कर
योग में मशगूल अर्जुन नफ़्स को ज़ंजीर कर

(१३)

ब्रह्म का जो शब्द ॐ है, इस को जो जपता रहे
इस तरह से प्राण छोडे, परम पद मिलता उसे

(१४)
है हमेशा ध्यान मेरा जिस को अर्जुन जान ले
हूं मैं सब कुछ यार उसका, सहज हूं मिलता उसे

(१५)
है जो हक़ में मेरे अर्जुन, पहुंचता है मेरे पास
दूसरा उस को नहीं है जन्म, मैं हूं उस का वास

(१६)
ब्रह्म का जो लोक अर्जुन, उस से नीचे लोक जो
उन में पहुंचे जो कोई फिर लौटता है वीर वह
पास मेरे पहुंचता जो लौटना उस को नहीं
है रिहायिश उसकी मेरे पास ही अर्जुन यहीं

(१७)
एक दिन ब्रह्मा का अर्जुन है महायुग इक हज़ार
रात भी उस की है इतनी याद रख ऐ नामदार
जिस किसी योगी ने इस की यह हक़ीक़त जान ली
उस ने सारी रात दिन की यह सदाक़त जान ली

(१८)
यह हक़ीक़त जान लेते हैं वह योगी नेक ज़ात
दिन के चढते याद रख होती है पैदा कायनात
रात जब आती है अर्जुन बस फ़ना होता है सब
जानते हैं इस को ज्ञानी जानता मैं एक रब

(१९)
रात आने पर फ़ना सब, दिन में सब का फिर ज़हूर
याद रख चलता है अर्जुन रात दिन तारीक वफ़ूर

(२०)
है परे बूद-ओ-फ़ना से ब्रह्म पूर्ण आत्मा
सब फ़ना होने पे भी वह है नहीं होता फ़ना

(२१)
ला फ़ना कहते है उसको, आखिरी अंजाम है
जिस को पाये फिर न लौटे बस मेरा वह धाम है

(२२)
परम पुरुष है वह पार्थ जिस से है यह कायनात
बस अटूट भगती से पाये है वही जो एक ज़ात

(२३)
सुन ले भारत लौटते योगी हैं कब, बतलाऊंगा
कब नहीं है लौटते वह, यह भी मैं समझाऊंगा

(२४)
आग का हो देवता, और रोशनी दिन का ज़हूर
हो चमकता चाँद का पखवाडा और अंधकार दूर

छ: महीने हूं जो उत्तरायण के ऐसा जान ले
ब्रह्म ज्ञानी ब्रह्म से मिलते हैं ऐसा मान ले

(२५)
रात, तारीकी, धुआँ और पक्ष अंधेरा चाँद का
इस में योगी याद रख, हैं जो पकडते रास्ता
छः महीने हूं जो दक्षिणायन के अर्जुन जान ले
इस में ज्ञानी लौटते हैं यह सदाक़त मान ले


(२६)
रास्ते यह दो हैं आलम में हमेशा के लिये
एक है पुर नूर, तारीक दूसरा यह जान ले
एक से जाकर नहीं है लौटना यह जान सच
दूसरे से लौटना है ऐसा अर्जुन मान सच

(२७)
जान कर इन रास्तों को कुछ नहीं योगी हिले
इस लिये तू योग का अभ्यास कर अपने लिये

(२८)
बस रियाज़त और है खैरात का मिलता जो फल
नेक ऐमाल और जिस को वेद पढने का अमल
जान कर योगी जो करता है अबूर सब का अमल
वह सनातन परम पद को पाये है, पाता है फल

(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की '**अक्षरब्रह्मयोग**' नाम की यह आठवीं अध्याय खत्म हुई।)

★ ★ ★



# नवीं अध्याय

## आला तरीन अलिम और आला तरीन राज़ का फ़लसफ़ा

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
अलिम सरबस्ता से महरम मैं करूं अर्जुन तुझे
ध्यान से सुन जो बदी से तुझको छुटकारा मिले

(२)
ला फ़ना वह अलिम अर्जुन और बरतर है वह राज़
है बहुत आसान इस पर अमल करना पाकबाज़

(३)
जो अक़ीदतमंद नहीं हैं वह नहीं पाते मुझे
आलमे फ़ानी को अर्जुन हैं वह वापस लौटते

(४)
सारा आलम मुझ से अर्जुन है नुमायाँ याद रख
है वजूद सारा ही मेरा मैं हूं पिन्हाँ याद रख

(५)
है नहीं हस्ती यह मुझ में योग माया मेरी जान
है यह पैदायिश मेरी और परवरिश मेरी यह जान

(६)
जिस तरह आकाश में अर्जुन हवा का ज़ोर है
उस तरह से सारी मख़लूक़ का मुझी में दौर है

(७)
मेरी फ़ितरत में मिलें, जब इक कल्प की इन्तिहा
फिर अयाँ होता है आलम, दूसरे की इब्तिदा

(८)
अफनी फ़ितरत के मुताबिक में चलाऊं कारोबार
मुझ से पैदा है यह आलम और मख़लूक़ बार बार

(९)
इस से हरगिज़ ऐ धनंजय है नहीं बंधन मुझे
ला-तालुक, बा-लगाव रहता हूं ऐसा जान ले

(१०)
मेरी फ़ितरत का है रिश्ता, है अयाँ यह सब जहाँ
इस तरह से है यह आलम का चक्र चलता यहाँ

(११)
बेवकूफ हैं जो, मुझे वह शक्ले-इनसान देखते
सब से बरतर मेरी फ़ितरत को नहीं वह जानते

(१२)
है अमल जिन का फ़ुज़ूल और अलिम, अरमान भी फ़ुज़ूल
राक्षसों, असरों की फ़ितरत में लगे उन की यह भूल

(१३)
नेक सीरत, पारसा, मेरी इबादत में मगन
मुझ को ख़ालिक़ जानते हैं उन को मेरी बस लगन

(१४)
गीत गाते हैं वह मेरे, और मुझ को पूजते
ऐतिक़ाद मज़बूत हरदम, सजदा भी देते मुझे

(१५)
दूसरे ईसार से हमुद-ओ-सना में दीनदार
एक मुझ को जान कर बरतर, बुलंद वह बार बार

(१६)
यज्ञ मैं हूं और अमल हूं यज्ञ का ऐ नेक नाम
मैं हूं औषध, मैं ही मंत्र, यज्ञ का हूं नेक नाम
मैं हूं घी भी और मैं हूं आग अर्जुन मान ले
मैं हूं आहुती जो डलती उस में ऐसा मान ले

(१७)
बाप मैं हूं, माँ भी हूं मैं और दादा मैं ही हूं
जान सारे आलम का एक धाता मैं ही हूं

ज्ञान मैं हूं, पवित्र हूं, शब्द में ओमकार हूं
ऋग, साम और यजुर हूं मैं, वेद का विस्तार हूं

(१८)
मैं हूं मंज़िल, मैं सहारा, मैं हूं मालिक नेक नाम
मैं शहादत, मैं पनाह हूं, दोस्त हूं आली मकाम
इब्तिदा हूं, इन्तिहा हूं, और मैं बुनियाद हूं
है नहीं होता फ़ना वह बीज मैं आबाद हूं

(१९)
मैं तपिश हूं ऐ धनंजय और बारिश मुझ से है
मैं ही सत् हूं और असत् हूं, जीना मरना मुझ से है

(२०)
तीन वेद जो जानते हैं पान करते सोम रस
पूजते हैं मुझको, ख्वाहिश उन को है जन्नत की बस
इँद्र के वह लोक में जाते हैं, रहते हैं जहाँ
है उन्हें सब कुछ मयस्सर ऐश–ओ–इशरत है वहाँ

(२१)
भोग कर जन्नत को आखिर लौटते हैं फिर यहाँ
और वेदों के मुताबिक आना जाना फिर जहाँ

(२२)
जो मुझे ही पूजते हैं जिन को मेरा ध्यान है
है मयस्सर उन को सब कुछ यह मेरा ईमान है

(२३)
दूसरे जो देवता को पूजता अज्ञान से
वह अक़ीदतमंद मुझे ही पूजता है जान ले

(२४)
मैं ही मालिक सारे यज्ञों का हूं ऐसा मान ले
वह हैं गिरते, यह हक़ीक़त जो नहीं हैं जानते

(२५)
देवता जो पूजता है देवता मिलता उसे
मैं मिलूंगा उन को अर्जुन जो हैं मुझको पूजते

(२६)
पाक बातन, फूल, पानी जो भी कुछ अर्पण करे
हो अक़ीदत से भरा, मंज़ूर तोहफ़ा है मुझे

(२७)
जो भी कुछ खाओ, करो या यज्ञ में अर्पण करो
जो भी हो तेरी रियाज़त मेरी खातिर सब धरो

(२८)
इस तरह से कर्मफल बंधन से तू आज़ाद हो
तर्क से तुम मुझ को पाओगे सदा दिलशाद हो

(२९)
एक जैसी सारी यह मख़लूक अर्जुन है मुझे
मैं हूं उन में वह हैं मुझ में जो मुझे हैं पूजते

(३०)
जो है पापी पर मुझे है दिल से अर्जुन पूजता
नेक उस को जान लेना, नेक उस का है मुदा

(३१)
जो हो ऐसा पारसा और रास्तबाज़ अर्जुन कहीं
जान ले वह भक्त मेरा फिर फ़ना होता नहीं

(३२)
जो पनाह लेते हैं मेरी, है उन्हें आली मकाम
शूद्र हूं या वेश्य हूं या कोई औरत बे लगाम

(३३)
ब्रह्मणों और राज ऋषियों की है अर्जुन बात क्या
आलमे फ़ानी में आकर ध्यान कर हर दम मेरा

(३४)
मन लगा मुझ में अक़ीदत सच्ची, दिल में ठान ले
मेरी ख़ातिर कर तू ईसार और सजदा कर मुझे
मुझ को सब कुछ जान कर सब कुछ तू अर्जुन पायेगा
है मेरा ईमान आखिर मुझ में तू मिल जायेगा

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'राजविद्याराजगुह्ययोग' नाम की यह नवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# दसवीं अध्याय

## शाने ज़ुलजलाली

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
ऐ महाबाहू, दोबारा मैं कहूं तेरे लिये
मैं भला चाहता हूं तेरा सुन शब्द मेरे कहे

(२)
इब्तिदा मेरी नहीं, हैं देवता भी जानते
हैं ऋषि भी बे खबर, मंबा मुझे ही जान ले

(३)
जो अजन्मा और अनादि मुझको अर्जुन मानता
और मालिक आलमों का, पाप से वह छूटता

(४)
अलिम, अक्ल, सब्र, ख़ैरात, साफ़ दीन, बा खबर
ख़ौफ़, बे ख़ौफ़ी, सदाकत, ज़ब्त, सुख दुख वीरवर

(५)
नेक नामी और क़नात, अदम तशद्दुद और दान
वेद, बदनामी, रियाज़त सारे गुण यह मुझ से जान

(६)
सात ऋषि, मनु चौदह, मुझ से ही पैदा हुये
उन से ही यह सारा आलम है भरा मख़लूक़ से

(७)
जिस ने मेरी यह सदाक़त और शान पहचान ली
योग से है बहरावर वह, मेरी अज़मत जान ली

(८)
जिस का मंबा मैं हूं अर्जुन सब हैं मुझ से जान ले
जो हैं दाना जानते हैं, दिल से मुझको पूजते

(९)
मुझ में जिस ने दिल लगाया और मुझ में महू जो
है ज़बान पर नाम मेरा पुर-सुकून और शाद वह

(१०)
ऐसी हालत में जो मुझको पूजते हैं ध्यान दे
मैं उन्हें अक्ले सलीम हूं बख्शता यह जान ले

(११)
रहम खाता हुँ मैं उन पर उन के मन में मैं बसा
ज्ञान से करता फ़ना अज्ञान की काली फ़िज़ा

**अर्जुन ने कहा :**

(१२)
सब से बरतर ब्रह्म हैं आप और पुरुष आली मकाम
हर जगह मौजूद, अजन्मा और मुकद्दस नेक नाम

(१३)
आप के बारे में ऐसा कहते आये सब ऋषि
असित, देवल, व्यास, नारद, ऐसा कहते आप भी

(१४)
मानता हूं है सदाकत आप जो कहते मुझे
देवता, राक्षस, नहीं हैं कृष्ण कुछ भी जानते

(१५)
आप जो हैं कृष्ण खुद ही आप सब कुछ जानते
सब से बरतर एक ख़ालिक आप इस मख़लूक के
देवता तुम देवताओं के हो मालिक आप ही
आप की है हुक्मरानी, इस जहाँ की ज़िंदगी

(१६)
आप की शाने जलाली, खुद में जो आशकारा है
जिस से सारे आलिमों में तेरा ही नज़ारा है

(१७)
कैसे योगीश्वर मैं जान लूं आप की इस शान को
ध्यान कर लूं कैसे मुझको आप का दीदार हो

(१८)
आप अपनी शक्तियाँ विस्तार से समझाइये
हो तसल्ली मुझको, जो सिफ़ात भी गिनवाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(१९)
सुन ले अर्जुन मेरी शाने ज़ुलजलाली का बयाँ
इन्तिहा जिस की नहीं है, वह सुनाऊंगा यहाँ

(२०)
सब के दिल में मैं बसा हूं, इब्तिदा हूं जान ले
इन्तिहा हूं, वस्त हूं सब का मैं अर्जुन मान ले

(२१)
हूं मरीची मुरव्वतों में, आदित्यों में विष्णु जान
ताबनाकों में हूं सूरज, चँद्रमा तारों में मान

(२२)
साम हूं वेदों में, इँद्र देवताओं में महान
इँद्रियों में मन हूं, हिस हूं जानदारों में महान

(२३)
रुद्रों में मैं हूं शंकर, राक्षसों में मैं कुबेर
आग हूं मैं वासुवों में, पर्बतों में हूं समीर

(२४)
हूं बृहस्पत पुरोहितों में और स्कन्द सेनापति
पानियों में हूं समन्दर, जान अर्जुन सच यही

(२५)
महर्षियों में भृगु हूं और शब्द ॐ मैं
जप यज्ञों में, हिमालय उन में जो हिलते नहीं

(२६)
मैं दरख्तों में हूं पीपल, गंधर्वों में चित्ररथ
और ऋषियों में हूं नारद, कपिल सिद्धों में भरत

(२७)
मैं हूं घोडों में उच्चैःश्रव, हाथियों में ऐरावत
और इनसानों में राजा, याद रख ले ऐ भरत

(२८)
वज्र हथियारों में हूं और कामधेनु गायों में
कामदेव हूं ख्वाहिशों में, वासकी हूं साँपों में

(२९)
हूं अनंत नागों में मैं, और जलचरों में हूं वरुण
अर्यमा पितृों में अर्जुन, हाकिमों में यम हूं सुन

(३०)
जो शुमार करते हैं उन में मैं वक्त हूं जान ले
और दैत्यों में हूं प्रह्लाद, मुझ को ऐसा मान ले
शेर चौपायों में अर्जुन, देख शक्ति है मेरी
जानवरों में हूं गरुड, अर्जुन विभूती है मेरी

(३१)
मछलियों में हूं मगरमछ, गंग दरियावों में जान
हूं हवा पाकीज़ा करने वालों में अर्जुन अयाँ
और शस्त्रधारियों में जान मैं ही राम हूं
मैं ही बरतर और अफ़ज़ल सब से अर्जुन नाम हूं

(३२)
इब्तिदा और इन्तिहा हूं, वस्त हूं मख़्लूक़ का
बहस में मैं हूं दलील और ब्रह्मवर ता ला फ़ना

(३३)
अक्षरों में हूं अकार मैं और समासों में हूं द्वन्द
परवरिश करता हूं सब की और वक़्त हूं कारबंद

(३४)
हैं जो इक़बालमंद उन का मुझ को तू इक़बाल जान
ज़िंदगी का सिलसिला भी, और मुझ को काल जान
औरतों में कीर्ती, श्री, वाख, मेधा, समृती
सात यह मशहूर अर्जुन हूं क्षमा और हूं धृती

(३५)
उन में शोहरत और दौलत, खुश कलाम, याद्दाश्त हूं
अक्ल, सब्र और बख्शिश, सात मैं सिफ़ात हूं
हूं महीनों में मघर, मौसिम वसंत हूं नेक नाम
गायत्री हूं छंद अर्जुन, सामवेद में बृहत साम

(३६)
जो कपट करते हैं उन में हूं जुआ यह जान ले
तेज हूं मैं तेज वालों का यह अर्जुन मान ले
मैं हूं कोशिश और मैं कामयाबी याद रख
जो हैं अच्छे उन की मैं हूं सब अच्छाई याद रख

(३७)
वृष्णीयों में कृष्ण, अर्जुन पांडुओं में सूरमा
व्यास मुनियों में हूं और हूं शायिरों में ऊशना

(३८)
हूं तदब्बुर उन का चाहते कामरानी नेक नाम
जो हैं हाकिम उन की हुकमत का असाऐ नेक नाम

राज़ जो हैं उन में हूं मैं खामशी यह जान ले
जो हैं दाना उन की दानायी हूं ऐसा मान ले

(३९)
बीच मैं हूं सारी मख़लूक़ का यह पार्थ मान ले
है चराचर मुझ से ज़ाहिर ऐसा अर्जुन जान ले

(४०)
मेरी शाने ज़ुलजलाली का नहीं है कुछ बयान
बस कहा मैं ने तुझे है मुख्तसर अर्जुन यहाँ

(४१)
शानदार जो कुछ भी अर्जुन और ताकतवर यहाँ
एक किरण से मेरी है इक़बाल, खुशहाली अयाँ

(४२)
क्या करूं तफसील से अब मैं बयाँ अपनी सिफ़ात
एक ज़रे से है मेरे यह ज़हूरे कायनात

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'विभूतियोग' नाम की यह दसवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★

# ग्यारहवीं अध्याय

## सूरते ला-फ़ना और नज़ारा-ए-कायनात

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
राज़ अलिमे बातनी का आप ने मुझ से कहा
दूर गफ़लत हो गई और हौसला मुझ को मिला

(२)
मैं ने कृष्ण सब सुना तफ़सील से जो भी कहा
कायनात बूद-ओ-नबूद और शान तेरी ला फ़ना

(३)
हैं वही आप कृष्ण मुझ से आप ने जो कुछ कहा
मैं वही सूरते जलाली चाहता हूं देखना

(४)
गर मैं लाऊं ताबे दीद, अपनी इनायत कीजिये
ला फ़ना सूरत को अपनी अब अयाँ फरमाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(५)
सूरतें मेरी हज़ारों सेंकडों तुम देख ले
मुख्तलिफ रंग और शक्लें देख अपनी आँख से

(६)
देख आदित्य, वसू और देख रुद्र, अश्वनी
और मारुत देख अर्जुन जो न देखा है कभी

(७)
देख मेरे जिस्म में यह सारा आलम देख ले
देख जो कुछ देखना चाहता है अर्जुन गौर से

(८)
ज़ाहिरी आँखों से कैसे देख पाओगे मुझे
इस लिये मैं चश्मे बातिन बख्श देता हूं तुझे

**संजाय ने कहा :**

(९)
कह के यह अलफ़ाज़ राजन, कृष्ण ने फिर क्या किया
पुर जमाल व पुर जलाल वह रूप फिर दिखला दिया

(१०-११)
बे शुमार चश्मो दहाँ नज़ारा हैरतगीर था
बे शुमार हथियार हाथों में लिये था करिश्मा
जिस्म में खुशबूयियाँ थीं और मालायें अजब
हर तरफ नज़ारा ऐसा देखने को था गज़ब

(१२)
ज़ूफिशाँ यकबार जैसे हूं हज़ारों आफ़ताब
थी यह सूरत उस से बढ कर पुर जलाल व बे हिसाब

(१३)
एक सूरत थी यह जिस में था नुमायाँ कुल जहाँ
बस हुआ हैरत ज़दा वह वीरवर अर्जुन वहाँ

(१४)
देख कर अर्जुन नज़ारा और अपना सिर झुका
जोड कर वह हाथ अपने कृष्ण से कहने लगा

**अर्जुन ने कहा :**

(१५)
देखता हूं देवता और देव सारे सामने
और कमल के फूल पर ब्रह्मा को भी बैठे हुये
सब ऋषि और नाग सारे देखता हूं एक साथ
देखता जमे ग़फ़ीर हूं इक यहाँ ऐ मेरे नाथ

(१६)
मालिके अर्ज़-ओ-समाँ, मैं देखता हूं बे-शुमार
आप के चश्म-ओ-दहाँ और चेहरे बाज़ू सौ हज़ार
हर तरफ हैं सूरतें तेरी, हो तुम ला-इन्तिहा
इब्तिदा और इन्तिहा और वस्त नहीं हूं देखता

(१७)
हाथों में चक्र-ओ-गदा और ताज सर पर देखता
जो दहकती आग हो यह और सूरज पुर-ज़िया

(१८)
हो अज़ीम और ला-फ़ना और काबिले ताज़ीम भी
हो सनातन धर्म के तुम ही हफ़ीज़ है बरतरी

(१९)
इब्तिदा और इन्तिहा और वस्त से तुम हो बरी
देखता हूं तेरी कुदरत और कुवत एक ही
चाँद सूरज हैं तेरी आँखें चमकती दिलरुबा
देखता हूं बे-शुमार यह दस्त तेरे बे-बहा

(२०)
है मुहीत तुझ से ही सब फ़लक ज़मीन के दर्मियान
तीनों आलम देखता हूं खौफ से लरज़ाँ यहाँ

(२१)
हाथ जोडे देवता सब यह महर्षि सिद्ध यहाँ
देखता हूं सारे तेरी हमुद में हैं यक ज़बाँ

(२२)
रुद्र, आदित्य, वसु, मारुत, अश्वनी कुमार
यक्ष, असुर, सिद्ध, गन्धर सब हैं हैरान बेकरार

(२३)
देख कर यह दस्त–ओ-बाज़ू, शिकम-ओ-दहान यह बेशुमार
दांत तेरे बेशुमार और पेट टाँगें सौ हज़ार
काँपते हैं आलम हैबतनाक सूरत देख कर
खौफ खाता मैं भी हूं यह डाल कर तुझ पर नज़र

(२४)
खो गया मुझको सुकूने क़लब सूरत देख कर
तेरी यह ताबंदा आँखें देख कर हूं बे-खबर
तेरे मुंह की यह दराज़ी, फर्श से है अर्श तक
देखता हूं सब मुहीत तुझ से अर्श से फर्श तक

(२५)
तेरे हैबतनाक दंदाँ देख कर हूं लरज़ता
है क़यामत आग जैसे, मैं हूं हैरान हो गया
क्या करूं मैं, मेरे मालिक, अब इनायत कीजिये
है नहीं मुझ को मसर्रत, शादमानी दीजिये

(२६-२७)
तेज़ रफ़्तारी से कोरव और उन के महार्थी
भीष्म, द्रोणाचार्य, राजे, कर्ण और सारथी
तेरे हैबतनाक मुंह में घुसते जाते हैं कृष्ण
कुछ अटक जाते हैं दाँतों में हैं कुछ और मौजज़न

(२८)
दोडती हैं जानिब सागर यह जैसे नदियाँ
वीर, योद्धा तेरे मुंह में वैसे घुसते हैं यहाँ

(२९)
जैसे परवाने पे शमा जान अपनी कर निसार
तेरे मुंह में लोग दाखिल वैसे होते बे-शुमार

(३०)
आग उगलते मुंह में सारे जैसे निगले जाते हैं
तेरी इस ताबिंदा सूरत से यह पिगले जाते हैं

(३१)
ऐ मेहरबान, मुझ पे अब खुद इक कर्म फरमाइये
आप क्या हैं असलियत में वह मुझे बतलाइये
मेरा सजदा तुझ पे हो, ऐ मालिके कौन-ओ-मकाँ
तेरी हैबतनाक सूरत में है आखिर क्या निहाँ

**श्री भगवान ने कहा :**

(३२)
काल हूं मैं आलमे फ़ानी को करता हूं फ़ना
सूरमा जितने यहाँ हैं, है नहीं इन को बक़ा

(३३)
उठ खडा हो जंग कर और दुश्मनों को जीत ले
तुम बराये नाम उन को मार, हैं मारे हुये

(३४)
मार तुम द्रोण व करण और भीष्म जयद्रथ वीरवर
मैं ने मारे हैं सभी, बे खौफ हो तू जंग के

**संजय ने कहा :**

(३५)
सर झुकाये, काँपते और हाथ जोडे पार्थ ने
कृष्ण से फिर यूं कहा लुकनत भरी आवाज़ से

**अर्जुन ने कहा :**

(३६)
क़ादिरे मुतलक वाक़फ हो आग़ाज़ से अंजाम से
है यह आलम शादमाँ मसरूर तेरे नाम से
भागते हैं राक्षस खौफ से तुम्हारे चार सू
और सिद्ध, हम्दो सना में सजदा देते चार सू

(३७)
सत् असत् से हो परे तुम मालिके कौन-ओ-मकाँ
क्यों न सजदा दें तुम्हे सब, हो अज़ीम तुम बे बयाँ

(३८)
ज़ात तेरी है क़दीम, है तुम से आलम का ज़हूर
है मुहीत यह ज़ात तेरी ज़ाते अक़दस मिस्ले-नूर

(३९)
वायु, यम, अग्नि तुम ही हो चँद्रमा, ब्रह्मा तुम्ही
बार बार सजदा है मेरा यह नमस्कार हूं सभी

(४०)
हर तरफ से हो मुबर्रा है नमस्कार बार बार
कुवते ला इन्तिहा यह तेरी सब के दोस्तदार

(४१-४२)
तेरी अज़मत की नहीं जो वाक्फ़ियत थी मुझे
कृष्ण या यादव पुकारा दोस्त के नाते तुझे
मैं ने ग़फ़लत से कभी जो खेलते खाते तेरी
क़द्रदानी की न हो, वह बख्श दे कृष्ण सभी

(४३)
तुझ से बढ कर तीन लोकों में नहीं भगवन कोई
बाप तुम मख़लूक़ के हो शान है बरतर तेरी

(४४)
क़ाबिले ताज़ीम भगवन यह इनायत कीजिये
मेरी गुस्ताखी हो कोई माफ़ वह कर दीजिये

बख्शता है बाप बेटे, दोस्त अपने यार को
और खावंद अपनी बीवी को, बख्श दे यार हो

(४५)
जो कभी देखा न था वह देख कर मसर्रत हुई
साथ ही यह खौफ से तारी हुई दिलबस्तगी
देखना चाहता हूं फिर मैं ज़ाते आली आपकी
चार बाज़ू वाली वह सूरत जलाली आप की

(४६)
हाथों में चक्र-ओ-गदा फिर और मुकुट सर पर रखे
खूबसूरत फिर वही अपनी शक्ल दिखलाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(४७)
खुश हुआ तुझ पर, दिखाया मोजिज़ाह यह नूर का
आज तक देखा नहीं इनसान ने तेरे सिवा
इब्तिदा और इन्तिहा से है परे अर्जुन यही
और यह सब कायनात मुझ में समायी देख ली

(४८)
मेरी इस शक्ले जलाली की है किस को ताब दीद
गर करे कोई रियाज़त या पढे है कोई वीद
यज्ञ दान और तप करे कोई भी मैं मिलता नहीं
तेरी किस्मत में लिखा था वरना मैं हिलता नहीं

(४९)
मेरी हैबतनाक सूरत देख कर घबराओ मत
दिल जमा कर और हो बे खौफ अर्जुन बा-हिम्मत
देख फिर अर्जुन मेरी शाने जमाली देख ले
चार बाज़ू वाली सूरत ज़ुलजलाली देख ले

**संजय ने कहा :**

(५०)
कह के यह वसुदेव ने की पहली सूरत इख्तियार
चार बाज़ू वाली शक्ल का हरी फिर एक बार

**अर्जुन ने कहा :**

(५१)
मेरे भगवन आप की यह शान पहली देख कर
है सुकूने क़लब हासिल, अब हुआ मैं बा-खबर

**श्री भगवान ने कहा :**

(५२)
है बहुत मुश्किल यह अर्जुन मरी सूरत देखना
जिस के वास्ते तरसते हैं वीर सारे देवता


(५३)
वेद पढने, दान करने, तप रियाज़त से नहीं
जैसे देखा तुम ने है यह, है नहीं मिलता कहीं

(५४)
है अक़ीदतमंद मेरा भगत दिल और जान से
जानता है तत्व मेरा वीर मैं मिलता उसे

(५५)
मेरी खातिर अमल करके जो है मुझको पूजता
बे हसद बे लाग होकर पास मेरे पहुंचता

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'विश्वरूपदर्शनयोग' नाम की यह ग्यारहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# बारहवीं अध्याय

## अक़ीदत का फ़लसफ़ा

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
तेरे तालिब जिन को है तेरी अक़ीदत बे बदल
पूजते हैं दिल लगा कर वह तेरी शाने अज़ल
और जो हैं पूजते वह ज़ात तेरी ला फ़ना
कौन अफ़ज़ल उन में से है कृष्ण यह मुझको बता

**श्री भगवान ने कहा :**

(२)
दिल लगा कर मुझ को जो हैं पूजते बेलाग हो
नेक नियत बा-अक़ीदत वह हैं योगी नेक ख़ो

(३-४)
ज़ब्त में हैं इँद्रियाँ और जिन को है यकसूये दिल
खलक की खदमत में है सरशार जुस्तजूये दिल
जान कर मुझ को मुहीत और ता-अबद और ला फ़ना
ब्रह्म को गैर मुतहरिक जो जानता प्यारा मेरा

(५)
है कठिन यह रास्ता जो जानते मैं हूं निहाँ
हैं जो ज़ाहिरबीन उन को हूं नहीं होता अयाँ

(६)
मेरे तालिब जो हैं मुझको पूजते दिल जान से
और सारे काम मुझ पर जो हैं यकसर छोडते

(७)
ध्यान मेरा जिन को अर्जुन और अक़ीदत है मेरी
मौत, पैदायिश से उन को पार्थ करता हूं बरी

(८)
मुझ में अपना मन लगा तू और मेरा ध्यान कर
तू पहुंच जायेगा मेरे पास अर्जुन वीरवर

(९)
गर तुम्हें मुश्किल हो अर्जुन ध्यान मेरा हो नहीं
योग के अभ्यास से तुम पास आओगे यहीं

(१०)
योग का अभ्यास भी हो गर कठिन तेरे लिये
कर्म कर बे-लाग अर्जुन फिर सदा मेरे लिये

(११)
यह भी मुश्किल हो अगर तेरे लिये ऐ वीरवर
ज़ेर कर मन इँद्रियाँ फिर मेरे अर्पण कर समर

(१२)
शुग्ल से अफ़ज़ल है ज्ञान और ज्ञान से अफ़ज़ल है ध्यान
तर्क समर फ़ैल बरतर उन से अर्जुन राज़दाँ

(१३-१४)
जो हसद से है बरी और दोस्त सब का नेक हो
हो नहीं जिस को तकब्बुर रंज व राहत एक हो
मुझ में हर दम लीन, जिसकी ज़ेर हैं मन इँद्रियाँ
अक्ल दिल मुझ में लगाये मुझको मेरा राज़दाँ

(१५)
है यह अर्जुन खौफ गुस्सा, रंज और राहत मुझे
सारा आलम प्यार का हो है वही प्यारा मुझे

(१६)
ला-तमाह, पाकबाज़ अर्जुन है जो बे-लौस भी
फ़ाइलियत से बरी है मुझको प्यारा है वही

(१७)
है नहीं लालच व रग़बत और नफरत ग़म जिसे
जो दूई से पाक, तालिब बस वह प्यारा है मुझे

(१८)
एक जिस को दोस्त दुश्मन इज़्ज़त व बे-इज़्ज़ती
रंज–ओ-राहत, गर्म-ओ-सर्द, हो एक, प्यारा है वही

(१९)
हज्व और तारीफ में जो एक, मेरा यार है
साबिर है हर हाल में जो, मेरा प्यारा यार है

(२०)
जिस ने इस आबे हयाते अक़्ल को है पी लिया
वह अक़ीदतमंद सुन महबूब मेरा बन गया

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'भक्तियोग' नाम की यह बारहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# तेरहवीं अध्याय

## जिस्म व जान (मादा और रूह) का फ़लसफ़ा

**अर्जुन ने कहा :**

किस को कहते हैं पुरुष और प्रकृत है यह क्या
ज्ञान क्या है यज्ञ कहते हैं किसे यह दो बता
क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ क्या है यह बयान फरमाइये
मुझको कृष्ण आप यह तफ़सील से बतलाइये

(**नोट:** यह एक इज़ाफ़ी श्लोक है जिस के बारे में राक़म ने "भगवद्गीता में श्लोकों की तादाद" वाले बाब में मुफसिल तोर पर वाक्फियत बहम पहुंचाने की सई की है। इस लिये इस श्लोक का यहाँ श्लोक नम्बर नहीं दिया गया है। इस अध्याय का पहला श्लोक दरज ज़ेल है जहाँ से यह अध्याय शुरू होती है - **प्रेमी**)

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
यह जिस्म है खेत अर्जुन, ऐसा सच तू जान ले
जिस को इस का अलिम है, क्षेत्रज्ञ इस को मान ले

(२)
मैं हूं इस का जानने वाला यही है राज़ एक
अलिमे हक़ अर्जुन यही है जिस्म-ओ-जान ऐ मर्दे नेक

(३)
जिस्म की तरकीब क्या है उस की है तारीफ़ क्या
जान है क्या ? उस की कुवत ? सुन यह, मुझ से दिल लगा

(४)
जिस्म-ओ-जान की जो सदाक़त महर्षि गाते रहे
वेद और ब्रह्मसूत्रों में राज़ समझाते रहे

(५)
पाँच अन्सर, पाँच इँद्री और दस ऐज़ाये जिस्म
मन, बुद्धि, मादा, अहंकार जिस्म के यह हैं किस्म

(६)
रगबत व नफरत, जिस्म और रंज-ओ-राहत, होश मय
इस जिस्म की मुख्तसर अलफ़ाज़ में तारीफ है

(७)
छल, तकब्बुर से बरी, अदमे तशद्दुद पर झुकाव
ज़ाहिर व बातिन की पाकी, मर्दे कामिल से लगाव

(८)
बे लगाव हो, इन्किसारी, तर्के महसूसात से
मौत, पैदायिश, बुढापा, इन की तकलीफ़ात से

(९)
छोड कर अपनों की उलफ़त, घर, फरज़ंद, बस्तगी
हूं मुवाफिक या मुखालिफ हादिसाते ज़िंदगी

(१०)
गैर मुतज़लज़ल अक़ीदत, मेरी, दिल में मौजज़न
हलका-ए-अहबाब से भी हो न उलफत की लगन

(११)
ज़ाहिर व बातिन से हो जो बहरावर ऐ वीरवर
अलिमे हक़ बाक़ी जहालत, तीरगी ऐ नामवर

(१२)
जानने से जिस के अर्जुन है हयाते जाविदाँ
इब्तिदा जिस की नहीं है, ब्रह्म का सुन ले बयान

(१३)
उस की टांगें और बाज़ू और चेहरे चारसू
कान और चश्मान उस के हर तरफ ऐ नेक खू

(१४)
ला-सिफ़ात और बे-लगाव होकर भी बा-आराम है
देखता है कारे आलम, क्या सुबह क्या शाम है

(१५)
है दरूं बेरूं वही और जानदार बेजान है
दूर है नज़दीक है वह खास में यकसान में

(१६)
जानदारों में झलक उस की है अर्जुन देरपा
बूद-ओ-पैदायिश फ़ना का राज़ है उस में छुपा

(१७)
सब से बढ कर नूर है वह तीरगी से दूर है
सब के दिल में है बसा, वह अलिमे बातिन नूर है

(१८)
जिस्म-ओ-जान और अलिमे हक़ का यह बयान तुम ने सुना
जान कर यह मेरा तालिब मुझ में पाता है बक़ा

(१९)
रूह और मादा जो अर्जुन इब्तिदा इन की नहीं
यह सिफ़ाते ज़ाहिरी हैं क़ुदरती आफ़ाक़ में

(२०)
प्रकृती है वजहे पैदायिशे ऐज़ाए-जिस्म
जान है बस रंज-ओ-राहत तजरुबा ब-हर किस्म

(२१)
जान मिल कर प्रकृती से सेह सिफ़ाती हज़ उठाए
नेक-ओ-बद के जाल में फिर आप ही वह बंध जाए

(२२)
जिस्म में यह जान फिर भी है परे यह जान ले
रहबरो शाहिद, अज़ीम, बरतर ख़लायक मान ले

(२३)
यह पुरुष और प्रकृती और यह सेहगानह सिफ़तें
जिस को इस का अलिम हो सुन उस को पैदायिश नहीं

(२४)
पाक बातन देखते हैं अपने दिल में यार को
पाते कुछ अलिम-ओ-अमल के रास्ते दिलदार को

(२५)
सुन के कुछ तारीफ उस की, दूसरों से दिल लगा
पूजते हैं मुझको अर्जुन, देख उन को है बक़ा

(२६)
जिस्म-ओ-जान के वस्ल से ही याद रख है यह ज़हूर
जानदार बेजान सब में याद रख मेरा है नूर

(२७)
है वह आरिफ़, ला-फ़ना को जिस ने देखा है अयाँ
सब में अर्जुन याद रख ले, ज़ात है इक बे-बयाँ

(२८)
जो मसावी देखता है सब में मसकन यार का
कौन मारे, कैसे मारे, जान है बस देरपा

(२९)
फ़ितरतन मजबूर है इक फ़ैल के इज़हार पर
जान लेता है जो ऐसा, अलिम से वह बहरावर

(३०)
देखता है आलमे कस़रत को वाहिद ज़ात में
और कसरत ज़ात से वह ब्रह्म पाये बिल-यक़ीन

(३१)
ला-सिफ़ात, बे-इब्तिदा और ला-फ़ना अफ़ज़ल यही
जिस्म में रह कर भी है यह फ़ाइलियत से बरी


(३२)
यह ख़ला है जिस तरह दौरान, आमीज़िश नहीं
इस तरह से ज़ात भी पिन्हाने आमीज़िश नहीं

(३३)
एक सूरज से मुनव्वर जैसे आलम चारसू
इस तरह इक जान रोशन सब में अर्जुन दू-ब-दू

(३४)
देखता है चश्मे बीना से जिस्म और जान जो
याद रख अर्जुन उसी का आखिर बेडा पार हो

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'क्षेत्रक्षेत्रज्ञविभागयोग' नाम की यह तेरहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# चोदहवीं अध्याय

## तीन सिफ़ात की तक़सीम (का फ़लसफ़ा)

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
राज़ सरबस्ता दोबारा मैं बयान करता हूं यार
आरिफ़ों ने ला-मकाँ पाया, हुये वह भव से पार

(२)
जिन को अलिमे सरमदी हासिल हुआ है वीरवर
हो गये आज़ाद वह जन्म-ओ-मरन से बहरावर

(३)
रूह और मादा के बाहम मेल से है ज़िंदगी
मैं ही फ़ाज़िल, मुझ से ही है शक्ल मोजूदात की

(४)
बाप मैं हूं, मुझ को मौजूदाते आलम का खयाल
और क़ुदरत सब की है माँ याद रख कुन्ती के लाल

(५)
सत्तरज तुम पे से-गानह सिफ़तें हैं नामवर
बाँधते रूह ला-फ़ना को जिस्म से ऐ बहरावर

(६)
है सतोगुण रोशनी, पुरनूर, निर्मल बे-बयाँ
अक्ल–ओ-राहत का ज़हूर, इस में है मेरा राज़दाँ

(७)
लाडले कुन्ती के सुन तू, है रजोगुण बाँधता
हिरस-ओ-ख्वाहिश, दिल्लगी, आमाल से है जोडता

(८)
यह जहालत, तीरगी, तामस की सिफ़त जान ले
अलग़रज़ तारीकियों में डालता है मान ले

(९)
नूर से मसर्रत है, ख्वाहिश से अमल, यह याद रख
ग़लतियों का जन्मदाता है जहल, यह याद रख

(१०)
नूर, ख्वाहिश, जहल, इन में एक की बीती जहाँ
दूसरे दो खुद ही दब जाते हैं बस अर्जुन वहाँ

(११)
इस जिस्म के सारे दरवाज़े मुनव्वर हो जहाँ
जान लो बस नूर की हुक्मरानी है वहाँ

(१२)
हो जहाँ लालच, ग़र्ज़ और फ़ैल से वाबस्तगी
बे-करारी और तडप हो जान लो ख्वाहिश वही

(१३)
काहिली और बुज़दिली और तीरगी बे-राह रवी
जान लो बस जहल की ही अमलदारी है वही

(१४)
वक्ते आखिर नूर का हो ग़लब जिस पर याद रख
जन्नत-उल फ़िरदौस मसकन उस का बे-डर याद रख

(१५)
जिस पे ग़ालिब हो यह ख्वाहिश और फिर निकले जो दम
फ़ैल से वाबस्ता जो हूँ उन के घर लेता जन्म

(१६)
है समर यह नूर का, राहत, अक्ल और सब भला
ग़म है ख्वाहिश का समर और तीरगी बस जहल का

(१७)
अक्लमंदी नूर से है और तमाह ख्वाहिश से है
जहल से बे-राह रवी है तीरगी ग़फलत में है

(१८)
नूर से पुर नूर हैं जो, मँज़िलें ऊंची उन्हें
ख्वाहिश जिन की ज़िंदगी है, मंज़िलें नीची उन्हें

(१९)
नूर, ख्वाहिश, जहल से पुर देखता जो कायनात
बस परे सिफ़ात से है और बरतर एक ज़ात

(२०)
जो सेहगानह सिफ़तों को छोड कर आगे बढा
मौत, पैदायिश बुढापा उस से हो बे-वास्ता
ग़ैर-फ़ानी की जो मंज़िल उस से बस वह जा मिला
याद रख अर्जुन उसी ने आखिरश पाई बक़ा

**अर्जुन ने कहा :**

(२१)
इन गुणों से जो मुबर्रा हो कृष्ण बतलाइये
जो तरीके कार उस का वह बयाँ फरमाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(२२)
जिन को इन सिफ़ात से पाण्डु नहीं जादू कोई
नूर, ख्वाहिश, जहल से आज़ाद रहता है बरी

(२३)
डगमगाता जो नहीं है इन गुणों के ज़ोर से
ज़ात में जो महू रहता है सुकून हर दम उसे

(२४)
रंज व ग़म हो एक जिस को, मिट्टी पत्थर और ज़र
हज्व, तारीफ में हो यकसान एक हो जिस की नज़र

(२५)
दोस्त दुश्मन एक जिस को, इज़्ज़त और बे-इज़्ज़ती
फ़ाइलियत तर्क करके वह गुणों से है बरी

(२६)
योग से जो वस्ल पाता है, मुझे है पूजता
जो गुणों से है मुबर्रा वह है ब्रह्म को देखता

(२७)
ब्रह्म ला-फ़ानी का हूं मैं मसकने नूरे बक़ा
हूं सरवर सरमदी मैं और अफ़ज़ल आसरा

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'गुणत्रयविभागयोग' नाम की यह चोदहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★

# पंद्रहवीं अध्याय

## आला तरीन ज़ात का फ़लसफ़ा

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
एक शजर यह जिस की जड ऊपर है और नीचे तना
वेद पत्ते, ब्रह्म तना, महरम उस के राज़ का

(२)
उस की शाखें हैं सिफ़ाती कुवतों से मौजज़न
लज़्ज़तें हैं बर्ग, जडें कर्म का अर्जुन बंधन

(३)
उस की असली सूरते बातिन नहीं आती नज़र
है न आती इब्तिदा, और इन्तिहा उस की नज़र
अक्ल के हथियार से पीपल के जड को काट लो
हैं जडें यह बहुत गहरी, याद रख ऐ वीर तू

(४)
चाहिये तालिब को ढूंडे रास्ता उस यार का
फिर न हो जो वापसें, बरतर है उस की बारगाह

(५)
हूं न जो मग़रूर बस इक ज़ात में जो दिल लगाऐं
रंज व गम से दूर हूं फिर मंज़िले बरतर वह पाऐं

(६)
पहुंच कर जिस जा, पे आखिर लोट कर आता नही
चाँद, सूरज, आग, उस जा, रोशनी देता नहीं

(७)
रूह मैं हूं इस जिस्म में, वीरवर तू याद रख
दिल, हवासे खमसा भी मैं नामवर तू याद रख

(८)
जिस तरह खुशबू को ले जाती हवाऐं साथ हैं
इस तरह इस जिस्म से यह रूह उडाती साथ हैं

(९)
आँख, कान, नाक और ज़बान की ताकते एहसास से
जीव आत्मा दिल लगा कर लुत्फ अंदोज़ बास से

(१०)
बे-खबर हैं रूह के आमद-ओ-रफ़्त से बे-खबर
बा-खबर जो जानते इस राज़ को हैं सर-बसर

(११)
जुस्तजूये योग वाले इस को दिल में देखते
बे-खबर जो हैं उसे हरगिज़ नहीं पहचानते

(१२)
चाँद सूरज और है यह आग में जो रोशनी
जान ले अर्जुन वह आखिर इक किरण है बस मेरी

(१३)
है ज़मीन में मेरी ताकत से ही आलम का क़याम
चाँद में आबे हयात बन कर है यह मेरा मकाम

(१४)
प्राण और अपान बन कर जिस्म में हूं दौडता
और बन कर मैं हरारत हज़्म करता हूं ग़िज़ा

(१५)
अक्ल व दानिश मुझ से है और सब के दिल में मैं बसा
और है याद्दाश्त मुझ से सब को मैं हूं जानता
वेदकर्ता मैं ही हूं और वेददाँ भी मैं ही हूं
वेद चारों मुझ को जानें राज़दाँ भी मैं ही हूं

(१६)
इस जहाँ में दो तरह के पुरुष हैं ऐ नामवर
एक फ़ानी जिस्म है रूह दूसरा है वीरवर

(१७)
इन से है जो मुख्तलिफ वह पुरुष बरतर जान ले
तीन आलम का वह मालिक, ला-फ़ना है मान ले

(१८)
ला-फ़ना हूं सब से अफ़ज़ल, रूह मादा से परे
वेद और आलम में हूं, मैं सब से बरतर जान ले

(१९)
भगत मेरा मुझको ऐसा जान कर है पूजता
जानता है असलियत में मुझको जो है ढूंडता

(२०)
हो गुनाह से पाक अर्जुन राज़ मखफ़ी है यह क्या
जान ले है ज़िंदगी का मा-हसल इस में छुपा

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'पुरुषोत्तमयोग' नाम की यह पंद्रहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★

# सोलहवीं अध्याय

## नेक व बद की तमीज़ (का फ़लसफ़ा)

**श्री भगवान ने कहा :**

(१)
पाक बातन, तर्के गुस्सा, ज़ब्ते नफ्स–ओ-ज़ाहिदी
अलिम की तहसील, ख़ैरात और रियाज़-ओ-सादगी

(२)
रास्तगोई, ला–तालुकी, दिल–जमई, अहिंसा
सब्र, बे–खौफी, रहम और बे-रियायी किब्रिया

(३)
इनकिसारी, आजिज़ी, अफ़ू, सफ़ाए ज़ाहिरी
यह हैं अवसाफ नेक इनसानों के अर्जुन दीदनी

(४)
गुस्सा, पाखंड और तकब्बुर, जाहिली और तीरगी
यह निशानी उन की अर्जुन जिन की है ख़सलत बुरी

(५)
नेक औसाफ ज़िंदगी है और बंदिश है बदी
बे फिक्र हो मेरे अर्जुन नेक है ख़सलत तेरी

(६)
दो किस्म के आदमी हैं नेक और बद वीरवर
नेक का यह ज़िक्र है अब बद का सुन ऐ नामवर

(७)
जो बदी में हैं फंसे वह राहे हक़ से बे-खबर
उन का है किर्दार बद, वह हक़ से हैं दूर वीरवर

(८)
उन का कहना है यह दुनिया आखिर बे-बुनियाद है
सब है बातिल और मर्द-ओ-ज़न से ही आबाद है

(९)
उन का ऐसा है तसव्वुर समझ, फ़हम से दूर हैं
कारे बद करते तबाही से सदा भरपूर हैं

(१०)
छल, कपट, मकर-ओ-फरेब और ग़रज़ उन का है अमल
ख्वाहिशे जिन्सी में फंसे और बातिल में दखल

(११)
ज़िंदगी का मुद्दा बस ऐश-ओ-इशरत में मगन
मौत का है रास्ता जो फ़ैले-बद पर गामज़न

(१२)
लज़्ज़ते नफ़्सी को हैं वह रात दिन जो बेकरार
धन वह जोडें बे-खबर, बेजा तरीके इख्तियार

(१३)
आज जीना है यह मेरा, और सब मुझ को मिले
सोच बद-किर्दार का अर्जुन यही बस जान ले

(१४)
दुश्मनों को जीत कर है कौन जो आगे बढे
मैं हूं कामिल, मैं हूं मालिक और मसर्रत है मुझे

(१५)
"खानदान मेरा है आला और मैं हूं दौलतमंद भी"
"मैं करूं ख़ैरात व तक़वा, ऐसी हो ज़िंदगी मेरी"

(१६)
इस तरह हो जिन के दिल में बद खयालात मौजज़न
जहल के कुंवे में डूबे सूये-दोज़ख गामज़न

(१७)
दौलत व नामूस के नशे में हर दम चूर हैं
बस दिखावे के लिये है यज्ञ जो मग़रूर हैं

(१८)
ख्वाहिश व गुस्सा, तकब्बुर जिन के दिल में मौजज़न
मुझ से नफ़रत, वह अंधेरे की तरफ हैं गामज़न

(१९)
ऐसे बद किर्दार, ज़ालिम व रज़ील अशखास का
मसकन क़अरे-ज़लालत उन की किस्मत में लिखा

(२०)
ऐसे शैतान नीच ज़ातों में जनमे बार बार
मुझ को पाते हैं नहीं, उन को नहीं मिलता क़रार

(२१)
तीन दरवाज़े हैं दोज़ुख के यह अर्जुन नामवर
गुस्सा, लालच और ख्वाहिश, इन को अर्जुन तर्क कर

(२२)
जिस को इन तीनों से अर्जुन बस फ़लाही हो गई
है तलाशे हक़ में उस को मंज़िले मक़सूद ही

(२३)
जिस ने अहकामे कुत्ब की हेच परवा ही न की
उस की किस्मत में नहीं आला मक़ाम, इरफ़ानी खुशी

(२४)
इस लिये कर वीर अर्जुन पैरवी अहकाम की
वाजिब-ओ-नावाजिब की पहचान है सची सई

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'दैवासुरसंपद्विभागयोग' नाम की यह सोलहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★



# सत्रहवीं अध्याय

## अक़ीदत सेहगाना (का फ़लसफ़ा)

**अर्जुन ने कहा :**

(१)
देवताओं को जो पूजे, छोड जो अहकाम है
नूर, ख्वाहिश, तीरगी में कौन उस का धाम है

**श्री भगवान ने कहा :**

(२)
है अक़ीदत भी सेहगानह, मुझ से तुम अर्जुन सुनो
सत, रज और तम से है उसकी बनावट धीर हो

(३)
जिस की फ़ितरत जैसी हो, वैसी अक़ीदत है उसे
ज़िंदगी उस की वही जैसी हक़ीक़त है उसे

(४)
जिन को ख्वाहिश, राक्षस, हैं नूर वाले देवता
पूजते हैं भूत प्रीत, परदा है जिन पर जहल का

(५)
काम शास्त्र के ख़िलाफ जो तप करें हैं पुर-खतर
मकरो लालच और ताकत के अंधे हो बे-खबर

(६)
जिस्म को आज़ार दें और मुझको भी तकलीफ दें
जान अर्जुन आदमी ऐसे ही बस शेतान हैं

(७)
जो खुराक खाते हैं उस के तीन हैं अहकाम सुन
ज़हदो ख़ैरात भी सेहगानह उन का भी अंजाम सुन

(८)
है लज़ीज़ सात्तविक खुराक जो, उमर अक़्ल को बढाये
सेहत, ताकत और खुशी दे, आदमी जीता ही जाये

(९)
राजसी खुराक कडवी, बद मज़ा बे-फायदा
रंज और तकलीफ़देह ऐसी ग़िज़ा बे फायदा

(१०)
अध-पकी बासी हो जो भी और हो नापाक जो
तामसी वालों को ऐसी है ग़िज़ा प्यारी सुनो

(११)
सात्तकी आमाल हैं पाबंदिये अहकाम पर
बे-लगाव और फर्ज़ की तकमील को पहचान कर

(१२)
हो समर की ख्वाहिशें यह राजसी ऐमाल में
तप, रियाज़त बा-लगाव यह राजसी अशगाल हैं

(१३)
जिन में अहकाम कुत्ब की पैरवी कुछ भी न हो
हो अमल भी बे-अमल वह, तामसी उस को कहो

(१४)
देवता, ब्रह्मण, बुज़र्ग, आकिलों को पूजना
पाकीये जिस्म, अहिंसा, ज़हद, जिस्म अर्चना

(१५)
बे-ईज़ा, सच और पसंदीदा हो अर्जुन जो कलाम
कुत्ब-बीनी, यादे हक़, ज़हदे ज़बान है नेक नाम

(१६)
ज़ाते अक़दस का तसव्वुर, सादगी, मसर्रत, ज़ब्त
और सफ़ाये कलब समझो ज़हदे दिल का है रब्त

(१७)
इस सेहगानह ज़हद के आमिल अक़ीदतमंद हैं
ख्वाहिशे सिला नहीं है, सातकी पाबंद नहीं

(१८)
राजसी जो ज़हद अर्जुन उस की है तफ़सील यह
इज़्ज़त, नामोस-ओ-नुमाइश उसकी है तकमील यह

(१९)
जिस से खुद और दूसरों को ज़ुल्म और आज़ार हो
तामसी है ज़हद ऐसा जहल का ब्योपार हो

(२०)
सातकी खैरात अर्जुन जिस में ख्वाहिश कुछ न हो
फ़र्ज़ को पहचान कर हक़दार को देता है जो

(२१)
जिस में मतलब परवरी और सिला की ख्वाहिश रहे
राजसी ख़ैरात समझो उस में जो रंजिश रहे

(२२)
बे महल और बे वक्त ग़ैर मुस्तहक़ अशखास को
जिस में हो तौहीन अर्जुन तामसी ख़ैरात वह

(२३)
ॐ, तत्, सत्, तीन लफ़्जों का मुरक्कब नाम है
वेद, पंडित, ज़हद, यह नामे खुदा का काम है

(२४)
हक़ के मुतलाशी उसी को मालिक कुल जान कर
काम की वह इब्तिदा करते हैं तत् से वीरवर

(२५)
ज़हद, ख़ैरात, नेक काम की ॐ से ही इब्तिदा
वेद के आलिम हैं करते आरिफ़ाने बा-सफ़ा

(२६)
है मुकद्दस लफ़्ज़ सत् जो यह सदाकत जान ले
सब अच्छाई है इसी में, ऐसा अर्जुन मान ले

(२७)
ज़हद, ख़ैरात और अमल की पैरवी, इस सत् को जान
ज़ाते वाहिद के लिये ही फ़ैल अर्जुन सत् को मान

(२८)
है असत् अर्जुन न हो जिस में अक़ीदत का दखल
है सभी बे-सूद अर्जुन, ज़हद, ख़ैरात और अमल

**(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'श्रद्धात्रयविभागयोग' नाम की यह सत्रहवीं अध्याय खत्म हुई।)**

★ ★ ★

# अठारहवीं अध्याय

## फ़लसफ़ा-ए-नजात

**अरजुन ने कहा :**

(१)
ऐ महाबाहू मुझे तफ़सील से बतलाइये
त्याग और सन्यास की क्या असलियत समझाइये

**श्री भगवान ने कहा :**

(२)
आक़िलाने बा-सफ़ा का त्याग तर्के फ़ैल है
तर्के सिला फ़ैल ही सन्यास की तफ़सील है

(३)
बाज़ कहते हैं कि सारे फ़ैल हैं बे-फायदा
बाज़ ज़हद, ख़ैरात, नेकी को कहें बा-कायदा

(४)
प्यारे पार्थ दो में से त्याग की तफ़सील सुन
त्याग भी है यह सेहगानह और तर्के फ़ैल सुन

(५)
ज़हद, ख़ैरात और अमल को छोडना अच्छा नहीं
है सफ़ाये क़लब इन से तर्क फिर ज़ेबा नहीं

(६)
इस लिये अर्जुन अदाये फ़र्ज़ को पहचान ले
फ़र्ज़ की तकमील कर ख्वाहिशे सिला छोड दे

(७)
फ़ैल हैं जो वाजबी बस इन की ही तकमील हो
जहल से जो तर्क कर ले फ़र्ज़ के अहकाम को

(८)
जो यह समझे फ़ैल सरज़द हूं तो जिस्म को ईज़ा
तर्क कर ले फ़ैल को तब राजसी उस को कहा

(९)
फ़र्ज़ की तकमील हो पाबंद अहकाम जान कर
छोड कर ख्वाहिश सिला की तर्क सात्तविक नामवर

(१०)
जिस को नफ़रत है नहीं गर फ़ैल से मसर्रत नहीं
पुर मसर्रत फ़ैल से तारिक़ को यह रगबत नहीं

(११)
आदमी दुनिया में कैसे फ़ैल करना छोड दे ?
है वह तारिक फ़ैल के जो अजर से मुंह मोड दे

(१२)
है बुरा अच्छा समर जो नेक बद अफआल का
है मुबर्रा उस से बस तारिक समर ऐ बा-सफा

(१३)
ऐ महाबाहू कर्म के पाँच हैं कारण सुनो
साँख्य ने ऐसा बताया याद रख होशियार हो

(१४)
सुन जिस्म और आत्मा यह वीरवर ऐज़ाये फ़ैल
मुख्तलिफ अफ़आल और किस्मत है यह पाँचों का मेल

(१५)
हूं बुरे, अच्छे कर्म जो दिल, ज़बान और जिस्म के
पाँच वजहों से हैं सरज़द ऐसा अर्जुन जान ले

(१६)
अक्ल पर परदा है जिस के वह है ऐसा जानता
आत्मा को मानता है फ़ाइल सब अफआल का

(१७)
जिस की अक्ल है मुनव्वर और है आज़ादरो
फ़ाइलियत से परे है, मार कर मारे न वो

(१८)
अलिम, आलिम, मक्सद, यह तहरीक सेहगानह जान ले
फ़ैल, फ़ाइल और मफ़ऊल भी सेहगानह मान ले

(१९)
अलिम, फ़ाइल और अफ़आल, इन की हैं तीन सिफ़तें
आरिफ़ों ने मेरे अर्जुन इन की तफ़सीलें कहीं

(२०)
जिस अलिम से ला-फ़ना को सब में आदमी देखता
जान लो सात्तविक अलिम वह नूर है ऐ बा-सफा

(२१)
मुख्तलिफ जिस अलिम से है आदमी सब देखता
राजसी वह अलिम है ऐ वीरवर ऐ बा-सफा

(२२)
जिस अलिम से आदमी बस मानता है जिस्म को
और सब बेसूद, जहालत, तामुसी है अलिम वो

(२३)
जिस अमल में है नहीं वाबस्तगी अर्जुन कभी
और अजर में है नहीं दिलबस्तगी, सात्तविक वही

(२४)
जिस से है ईज़ा बहुत दिलबस्तगी जिस में सुनो
है तकब्बुर और ख्वाहिश, राजसी वह जान लो

(२५)
जहल से पुर है अमल जो और समर से बे खबर
खुद को नुक्सान, गैर को दुख, तामुसी वह नामवर

(२६)
है नहीं जिस में तकब्बुर और है बे-लौस जो
हार जीत है एक जिस को आमिल आलिम है वो

(२७)
लालची, ख्वाहिश जिसे है और हासिद वीर जो
रंज व गम में जो फंसा हो राजसी आमिल है वो

(२८)
बे-ज़ब्त नापाक दिल और मकर का जो मुजस्समा
मुतकबिर, काहिल-तबा, वह तामुसी आमिल सदा

(२९)
ऐ महा बाहू सुनो अब मुझ से अक्ल का बयाँ
और इस्तिकलाल का भी राज़ करता हूं अयाँ

(३०)
मुक्ति, बंधन, नेक व बद ऐ वीरवर अमर वही
खौफ बे-खौफी यह पहचान सात्तविक बुद्धि वही

(३१)
नेक व बद की है नहीं पहचान वीर जिस अक्ल को
हक़ व बातिल की नहीं परवा उसे राजसी कहो

(३२)
झूट को सच और सच को झूट ही बस मानना
तामुसी यह अक्ल है सुन ऐ दिलावर बा-सफा

(३३)
वीर इस्तिकलाल जिसे है तसव्वुर योग का
ज़ब्ते दिल, ज़ब्ते नफ़्स उस की सिफ़ात ऐ बा-सफ़ा

(३४)
ख्वाहिशे समरे अमल और जिस से बंधन है वही
राजस इस्तिकलाल जिस में है तमन्ना दुनियवी

(३५)
है जहाँ खौफ, बुज़दिली और नींद-ओ-गम ऐ नामवर
है वह इस्तिकलाल जाहिल का बराबर वीरवर

(३६)
अब सुनाता हूं तुझे मैं राहतों का इक बयाँ
जिस से अर्जुन दर्दो–गम का ख़ातिमा होता अयाँ

(३७)
जो शरू में हो खुशी, जूं ज़हर का हो सामना
आखिरश आबे हयात वह सात्तकी राहत सदा

(३८)
जो शुरू में वीर हो आबे हयात, राहत कहाँ?
है मगर ज़हरे हलाहल आखिरश राजस अयाँ

(३९)
आत्मा मरती है जिस से इब्तिदा में अंत मैं
आलिम बे-खबर है वह तीरगी राहत वहीं

(४०)
इस जहाँ में कोई शय ऐसी नहीं ऐ नामवर
जो है सिफ़ाते सेहगानह से मुबर्रा वीरवर

(४१)
ब्रह्मण, क्षेत्री, वेश्य, शूद्र, इन के फ़रज़े मनसबी
अपनी अपनी सिफ़त व फ़ितरत से हैं दायम सभी

(४२)
ज़ब्ते दिल, ज़ब्ते नफ़्स, और पाकबाज़ी, जुस्तजू
नेक जज़बा और अक़ीदत, कुत्ब बीनी, नेक खू
अलिम, ज़ात और तजरुबा, यह याद रख कुन्तीपुत्र
ब्रह्मणों के हैं सिफ़ाते आरिफ़ाना नामवर

(४३)
शान, ताकत और इस्तिकलाल बे-खौफी सदा
हाकिमी, दरियादिली, जंग में शुजात, देरपा
यह हैं अवसाफ़ क्षेत्रियों के याद रख ऐ नामवर
अपने फ़र्ज़े मनसबी को हैं निभाते बहरावर

(४४)
पशु पालन, खेती और ब्योपार, वेश्यों का फर्ज़
इन सबों की ख़दमत अर्जुन है यह शूद्रों का फर्ज़

(४५)
अपने अपने फ़र्ज़ को पहचान कर, करले अदा
पहुंचता है मंज़िले आला पे वह ऐ बा-सफा
दिल लगा कर मुझ से सुन ऐ धनंजय नेक नाम
कब अदाये फर्ज़ से पाता है वह आली मक़ाम

(४६)
जिस से पैदा सब हुये हैं और जो उन में बसा
फ़र्ज़ की तकमील में पूजे उसे मुझ से मिला

(४७)

फ़र्ज़ अपना कर अदा गर हो न इस में बरतरी
दूसरे के फ़र्ज़ से अफ़ज़ल है गर बेहतर यही
की अदाये फ़र्ज़ जिस ने अपने को पहचान कर
वह गुनाहों से बरी है याद रख ऐ नामवर

(४८)

तर्क अपने फ़र्ज़ को करना है सरासर बुज़दिली
गर हो उस में कुछ न कुछ ख़ामी न हो कुछ बेहतरी
जिस तरह है आग में धुवां धनंजय साथ साथ
उस तरह हर काम में होती है ख़ामी मेरे तात

(४९)

जिस का मन बेलाग हो और ज़ब्त हो एहसास का
तश्नगी हज़ न हो, रहता वह मेरे पास में

(५०)

मुझ से सुन तू मुख्तसर मिलता है कैसे ब्रह्मवर
इस हकीकत के अलिम का राज़ सुन ऐ नामवर

(५१)

हो जिसे अक़्ले सलीम जिस की ग़िज़ा हो पुर नफ़ास
जिस का मसकन पाक करके तर्के लज़्ज़ते हवास

(५२)
ज़ब्ते नफ़्स व ज़ब्ते दिल, महदूद हो जिस का लाम
बे-ज़रर और पुर-मसर्रत जिस के सारे नेक काम
काम इस्तिकलाल से पुर और हो ख्वाहिश से दूर
हो तसव्वुर योग जिस का तारिके जहल व गरूर

(५३)
रग़बत व नफ़रत से अर्जुन हो मुबर्रा जो फ़र्द
ज़ाते अज़ली से वस्ल उस का है बेशक नेक मर्द

(५४)
वस्ले ज़ात यकसानियत और पुर मसर्रत दिल जिसे
रंज व लालच से परे सुन मेरी कुरबत है उसे

(५५)
अश्के सादिक से मुझे पहचानता जो बा-सफ़ा
उस तरह से मुझ में ही वह वासिले हक़ हो गया

(५६)
है कर्मयोगी जो सादिके कर्म करता जाये है
ला-फ़ना मसकन जो मेरा वीरवर वह पाये है

(५७)
दिल से मुझ में सब फ़ना कर और मुझ में एक हो
और फिर यकसानियत में मेल खा, तुम नेक हो

(५८)
इस तरह से मुझ में अपना दिल लगा कर पार हो
हो तकब्बुर गर तुझे वीर याद रख फिर ख्वार हो

(५९)
इस तकब्बुर से अगर तुम जंग करना छोड दे
रहे तसव्वुर यह फ़ुज़ूल, बेसूद बंधन तोड दे

(६०)
जो न करना चाहोगे अर्जुन करोगे याद रख
अपनी फ़ितरत की वजह से सब भरोगे याद रख

(६१)
है मकीन कसरत में अर्जुन मालिके कोन-ओ-मकाँ
है जिस्म में रात दिन चलता कर्म का कारवाँ

(६२)
फिर उसी में तू पनाहगाह ढूंड अर्जुन नामवर
तो सुकूने कलब पायेगा धनंजय वीरवर

(६३)
मैं ने तुझ पर राज़े मख़फी आशकारा कर दिया
अब तुम्हारे हाथ मैं है जो करो तुम बा-सफ़ा

(६४)
राज़ की है बात चाहता हूं भलाई मैं तेरी
तुम मेरे हो बहुत प्यारे फिर नसीहत सुन मेरी

(६५)
मुझ में अपना दिल लगा तुम और पूजा मेरी कर
मेरा है यह अहद मुझ में आ मिलोगे वीरवर

(६६)
मेरे अर्जुन कर कर्म तू और ले मेरी पनाह
ग़म न कर अर्जुन गुनाह से मुबर्रा हो जाये गा

(६७)
यह मेरा राज़े मख़फी हरगिज़ न कहना चाहिये
उस को जिस में हो अक़ीदत की नफ़ी ठुकराइये
जो न हो राज़ी यह सुनने के लिये ऐ नामवर
उस को भी हरगिज़ न कहना, नुक्ताचीन जो बे खबर

(६८)
जिस ने अपने अश्के सादिक से मुझे अपना लिया
है वही अफ़ज़ल तरीन अर्जुन मेरा तालिब भला
वीर जो मेरे अक़ीदतमंद को समझायेगा
यह मेरा राज़े मख़फी वस्ल मुझ में पायेगा

(६९)
जो मेरे उपदेश को हाँ दूर तक पहुंचायेगा
और अक़ीदतमंद हैं जो उन को ही बतलायेगा
इस से बढ कर और कोई मेरी खदमत है नहीं
है वही सब से प्यारा मेरा अर्जुन बर-ज़मीन

(७०)
यह मुकद्दस गुफ़्तगू हाँ जो पढे ऐ बा-सफा
बस वही अक़्ले सलीम को मुझ से ही हाँ पायेगा

(७१)
जो सुनेगा दिल लगा कर अश्क सादिक हो जिसे
हो उसे मसर्रत मयस्सर और नेक मसकन मिले

(७२)
कुन्तीपुत्र तू बता जो दिल लगा कर सब सुना
तीरगी और जहल तेरा दूर क्या उस से हुआ

**अर्जुन ने कहा :**

(७३)
तीरगी का चाक परदा अब हुआ मेरे कृष्ण
अलिमे इरफ़ान तेरे दम से मिल गया मेरे कृष्ण
मैं शक व शुबहात से अब हूं मुबर्रा ऐ कृष्ण
मैं बजा लाऊंगा हुक्म जो तुम्हारा ऐ कृष्ण

**संजय ने कहा :**

(७४)
गुफ़्तगू जो कृष्ण और अर्जुन के माबैन यह हुई
आलिमाना हैरत अंगेज़, उस तरह मैं ने सुनी

(७५)
मैं ने योगीराज कृष्ण का सुना योगे अज़ीम
व्यास की बस इक दया है दू-ब-दू राज़े कदीम


(७६)
बार बार जब धर्तराष्ट्र याद करता हूं उसे
गुफ़्तगूये कृष्ण अर्जुन, इक मसर्रत है मुझे

(७७)
बार बार मैं कृष्ण की सूरत जलाली याद कर
पुर जमाल और हैरत अंगेज़ शाद होना सर-ब–सर

(७८)
जिस तरफ हूं कृष्ण योगीराज मेरे मेहरबाँ
और हूं गाँडीवधारी वीर अर्जुन राज़दाँ
बस अदल, इक़बाल, दौलत, कामरानी है वहाँ
है मेरा रासिख़ अक़ीदा, शादमानी है वहाँ

(इस तरह से श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद और ब्रह्मविद्या के योगशास्त्र में श्री कृष्ण और अर्जुन के दरमियान गुफ़्तगू की 'मोक्षसंन्यासयोग' नाम की यह अठारहवीं अध्याय खत्म हुई।)

★ ★ ★



# श्रीमद्भगवद्गीता



मूल उर्दू अनुवाद : अमर शहीद सर्वानन्द कौल प्रेमी



इंटरनेट के लिये देवनागरी रूप



म.क.रैना

०१.०५.२००७